

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेने शिष्टाचार भेंट करवाई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 242 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## अधिकारियों को रास आने लगी सीएम सुक्खू की मंडे मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
हिमाचल की अफसरशाही को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मंडे मीटिंग रास आने लगी है। मंडे मीटिंग शुरू होने के बाद सचिवालय में फाइलों की रफ्तार तेज हुई है। अधिकारी मीटिंग से पहले अपने अपने विभागों की योजनाओं को लेकर तैयारी करने के साथ साथ मुख्यमंत्री के निदेशों पर की गई कार्रवाई से पूरी तरह वाकिफ होने के बाद मीटिंग में पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंडे मीटिंग के साथ साथ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना भी अहम मसलों पर अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा कर रहे हैं। इन दोनों बैठकों के बाद प्रदेश में सालों से बंद हुई कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज (सीओएस) की बैठक आवश्यक नहीं समझी जा रही। सनद रहे कि प्रदेश में डॉ श्रीकांत बाल्दी के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त होने के बाद सीओएस की बैठक नहीं हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज सचिवालय में चौथी मंडे मीटिंग होनी है। सरकारी कार्यों में तेजी लाने के मकसद से व्यवस्था परिवर्तन का संदेश देने के मकसद से मुख्यमंत्री ने स्वयं पहल कर मंडे मीटिंग का सिलसिला प्रारंभ किया है। बीती 3 मंडे मीटिंग की तर्ज पर आज भी सचिवालय में मुख्यमंत्री आला अधिकारियों के साथ सरकार के फ्लैग शिप कार्यक्रमों के साथ साथ बजट में की गई घोषणाओं व कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को अमलीजामा पहनाने बारे चर्चा करेंगे।

# भारत ने ब्राजील को जी20 की कमान सौंपी

### ब्राजील समर्पण और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करते हुए वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएगाः मोदी

गुडविल

▶ भारत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता से जुड़ा गैवल सौंप दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारत ने आगामी जी20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि ब्राजील समर्पण और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करते हुए वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएगा। इससे पहले जी20 का अंतिम और तीसरा सत्र "एक भविष्य" के विषय पर केंद्रित था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वैश्विक गांव के विचार से परे देखने और वैश्विक परिवार की दृष्टि को वास्तविकता बनाने की समय की मांग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण रखना पुराना हो गया है। अब समय आ गया है कि प्रगति का मानव केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाया जाए। भारत इस संबंध में कई प्रयास कर रहा है, खासकर डेटा और प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में। हमें सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एआई का उपयोग करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करना चाहिए। जैसे-जैसे हम अपने विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्थिरता पर अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। इससे हाशिये पर मौजूद लोगों का सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा।

**जनवरी 2024 में आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडनः** जी-20 में शामिल होकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बेशक वियतनाम के लिए रवाना हो गए हों, लेकिन अब भारत को उनके अगले साल दनवरी में आने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइडन को जनवरी 2024 में भारत आने का न्यौता दिया है। जो बाइडन ने सहृदयता के साथ इसे कुबूल कर लिया है। भारत की कोशिश है कि जनवरी 2024 में क्वाड के दो अन्य सदस्य देश जापान और आस्ट्रेलिया भी भारत आएं, जो बाइडन गणतंत्र दिवस के मेहमान बनें और भारत में गणतंत्र दिवस के आस-पास क्वॉड की बैठक हो। यह नई दिल्ली की एक बड़ी कूटनीतिक कोशिश है। चीन इस फोरम से को नापसंद करता आया है। वह इसे अपने विरुद्ध इन देशों की गोलबंदी मानता है। कूटनीतिक गलियारे में माना जाता है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते पर चीन की नजर रहती है। चीन इसे अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार की प्रतिद्वंदिता के रूप में देखता है। एशिया में चीन के बाद भारत के पास ही हर मोर्चे पर दूसरे नंबर की क्षमता है। हालांकि अमेरिका, चीन और भारत के रिश्ते में आपसी विश्वास का संकट भी है।

## पीएम मोदी की 'गारंटी' ने भारत के लिए खोल दिया महाशक्ति बनने का रास्ता




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'जी20'** शिखर सम्मेलन में मौजूद विश्व की पांच महाशक्तियों के बीच जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक गारंटी पूरी की तो इसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की एक बड़ी जीत बताया गया है। एक गारंटी के माध्यम से अब 'भारत', दुनिया को साधने के करीब पहुंच गया है। अफ्रीकन यूनियन 'एयू' को जी20 की सदस्यता दिलाना आसान नहीं था, लेकिन भारत की अध्यक्षता में पांचों महाशक्तियों, अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की मौजूदगी में पीएम मोदी ने जब 'अफ्रीकन यूनियन' को 'जी20' की सदस्यता देने की घोषणा की तो इसे कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ा कदम माना गया। इस कूटनीतिक जीत का फायदा आने वाले समय में भारत को मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की 'सुरक्षा परिषद' में भारत के लिए स्थायी सदस्यता की दावेदारी अब और ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

# 'राष्ट्रीय आपदा घोषित कर विशेष राहत पैकेज दे केंद्र'



मांग

▶ सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की और उनके समक्ष प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर आयोजित रात्रि भोज में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की और उनके समक्ष प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में भारी बारिश के कारण आई आपदा से हुए नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उनसे प्रदेश में हुई त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गत दो महीनों में भारी बारिश, भू-स्खलन और बाढ़ के कारण प्रदेश में 400 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई है और 13 हजार से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है, जिस कारण हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को 12 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि इस आपदा से उबरने के लिए प्रदेश को केंद्र की ओर से आर्थिक पैकेज की आवश्यकता है।

आपदा के कारण प्रदेश में हुए अभूतपूर्व नुकसान के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि भुज और केदारनाथ में आई आपदा की तर्ज पर हिमाचल को भी विशेष राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

हरियाणा सरकार | G20 | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# हमारा लक्ष्य
## अंतिम का उदय
### जो ठाना वो कर दिखाया – जन-कल्याणकारी हरियाणा

- मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना - सभी वर्गों की बेटियों की शादी पर ₹31,000 से बढ़ाकर ₹41,000 व अनुसूचित जाति के परिवारों की बेटियों की शादी पर ₹51,000 से बढ़ाकर ₹71,000 का शगुन
- 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' के तहत अत्यंत गरीब 50,000 लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण
- 35 लाख बी.पी.एल. परिवारों को मुफ्त राशन
- पंचायती राज संस्थानों में पिछड़ा वर्ग-ए को 8 प्रतिशत आरक्षण
- गरीब परिवारों के छात्रों की 12वीं कक्षा तक व छात्राओं की स्नातकोत्तर तक फीस माफ

"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है। जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है।"
नरेन्द्र मोदी





सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# जी-20 से पूरे विश्व ने देखी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर : कंवर

## -शिक्षा मंत्री ने भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**सम्मान**

**प्राचीन समय में जब भारत विश्व गुरू था तो उस समय में हमारे शिक्षकों का सबसे ज्यादा मान सम्मान था**



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** भाविप के गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में ऋषिहुड विश्वविद्यालय में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व शिक्षकों को संबंधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में जब भारत विश्व गुरू था तो उस समय में हमारे शिक्षकों का सबसे ज्यादा मान सम्मान था। लेकिन आज का समय बिल्कुल बदल गया है क्योंकि आज के समय बच्चे शिक्षक को एक कर्मचारी की तरह मानते हैं और उनका सम्मान भी नहीं करते। बच्चों की इसी सोच से आज हमारी संस्कृति लुप्त होती जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने समय में जो व्यक्ति पढ़ा-लिखा और अच्छे संस्कार वाला होता थो तो पूरा समाज उसका सम्मान करता था लेकिन आज का समय ऐसा आ गया है कि व्यक्ति में संस्कार कैसे भी हो अगर वह सफलता प्राप्त कर अच्छी नौकरी लग जाता है तो समाज में सबसे अहमियत उसी व्यक्ति की होती है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की बार-बार प्रशंसा करें क्योंकि प्रशंसा करने से बच्चे गलतियां कम करते हैं क्योंकि वे मानने लग जाते हैं कि अगर हम गलतियां करेंगे तो परिजन और समाज अपनी प्रशंसा की बजाय आलोचना करना शुरू कर देगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे देश का चंद्रयान मिशन-2 किसी कारण असफल रहा तो प्रधानमंत्री ने इसरो के वैज्ञानिकों का हौंसला बढ़ाया कि वे इस मिशन से कुछ सीखकर आगे और मेहनत करें, जिसका परिणाम आज पूरे विश्व के सामने है कि भारत विश्व का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर अपनी सफल लैंडिग की है। मंत्री ने भाविप को अपने कोटे से दो लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह संस्था बच्चों में अलग-अलग स्कील का निर्माण करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित करती है स्कूली छात्राओं ने भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों और शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर लद्दाख विश्विविद्यालय के कुलसचिव डा. अशोक शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा व रविन्द्र दिलावर, ऋषिहुड विश्वविद्यालय एवं गेटवे एजुकेशन सोनीपत के सह-संस्थापक राकेश अग्रवाल, विश्वविद्यालय के सह-संस्थापक एवं कुलपति सोभित माथूर, मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल राई के प्रिंसीपल कर्नल अशोक मोर, भाविप प्रांतीय संयोजक नीरज शर्मा, मोनिका सक्सेना, शारदा रेलन, नीरज शर्मा के अलावा परिषद के पदाधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री की विदेशी कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा

- शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेशी कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा है। आज हमारा भारत जी-20 की बैठक की अध्यक्षता कर रहा है जो देश के लिए बड़े ही गर्व की बात है।

# हमें सर्वदा शिक्षार्थी और जिज्ञासु बनकर रहना चाहिए: मनीषी स्वामी ज्ञानानंद



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

प्रकृति हमेशा हमें सिखाती है इसलिए हमें सर्वदा शिक्षार्थी और जिज्ञासु बनकर रहना चाहिए। यह ज्ञानोपदेश गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने श्री रघुनाथ धाम मन्दिर में अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक के वार्षिकोत्सव में अपने प्रवचनों में कहे। वार्षिकोत्सव का प्रारंभ प्रसिद्ध गायक रतन ने अपने मधुर स्वरों में भजनों को गाकर किया। वहीं मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक प्रमोद विज व महिपाल ढांडा, कांग्रेस नेता विरेन्द्र बुल्ले शाह, मेयर अवनीत कौर, ओपी माटा, पार्षद विजय जैन, सांसद पुत्र चांद भाटिया ने महाराज श्री को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया एवं

**आह्वान**

**वार्षिकोत्सव का प्रारंभ प्रसिद्ध गायक रतन ने अपने मधुर स्वरों में भजनों को गाकर किया**

दशहरा कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का दोशाला ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक के संस्थापक सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों को महाराज श्री ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रधान रमेश माटा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन वेद बांगा और कैलाश नारंग ने किया। इस अवसर पर कालू बजाज, हरीश मक्कड़, विभु पालीवाल, अशोक बांगा, चन्दन विज, सतीश गंगवानी, रमन जेठी, चिमन गुलाटी, अरूण सेठी, सूरज दुरेजा, विरेन्द्र सोनी, पुरूषोत्तम शर्मा, हरबंस लाल अरोड़ा, विजय कुमार सलूजा, कपिल महेन्द्रू, तिलक राज छाबड़ा, शाम सुन्दर बतरा, चिमन सेठी, किशोर अरोड़ा, प्रीतम गुलाटी, अशोक नारंग, डा.रमेश चुघ, कृष्ण गोपाल सेठी, रमन पाहवा, अमित तनेजा, महेन्द्र पसरीचा, तरूण छोकरा, अजय आहूजा, सागर रेवड़ी, गोविन्द रेवड़ी, स्वप्निल जुनेजा, कैलाश चन्द्र लूथरा, दीनानाथ, पंकज सेठी, जयदयाल तनेजा, कृष्ण लाल शर्मा, लीला कृष्ण भाटिया, धीरज बांगा, राघव रामदेव, सूरज बरेजाव प्रतीक जुनेजा आदि उपस्थित थे।

# अम्बाला छावनी में सम्पन्न हुई नम्बरदारों की मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सब तहसील अम्बाला कैंट के नम्बरदारों की मीटिंग पी. डब्लयू.डी. रेस्ट हाउस, अम्बाला छावनी में हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता बुजुर्ग नम्बरदार पृथ्वी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में मौजूद नम्बरदारों ने अपने-अपने विचार रखें। सभी नम्बरदारों का एकमत था कि नम्बरदारों की नई फाईल शुरू की जाए। अपनी विरासत को संभाल कर रखने के लिए संघर्ष की वकालत की।

नम्बरदारों के पीछे कभी एक्स

**एकमत**

**नम्बरदारों की नई फाईल शुरू की जाए। विरासत को संभाल कर रखने के लिए संघर्ष की वकालत की**

नहीं लगा था। नम्बरदारों ने बताया कि नम्बरदार के पीछे कभी एक्स नहीं था।

पृथ्वी सिंह ने ईलम सिंह से बातचीत करके आगामी मीटिंग 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे पी.डब्लयू.डी. रैस्ट हाउस, गोल चक्कर, अम्बाला छावनी में होगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बलजिन्द्र सन्धू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक राणा, जिला प्रधान जिन्दर पाल शर्मा, तहसील प्रधान राम चन्द्र शर्मा, सतीश शर्मा, राम सिंह, अनिल शर्मा, चरण जीत, शेर सिंह, अमरीक सिंह, जंगशेर सिंह, अवतार सिंह, सुरेश सौदा नम्बरदार मीडिया प्रभारी जिला अम्बाला हरियाणा, सुखदेव सिंह, राम रत्न, जसवन्त सिंह, राम पाल सहित काफी संख्या में नम्बरदार मौजूद रहे।

# 'भूपेंद्र हुड्डा ने सीएम पद की दावेदारी छोड़ी, अब इनका खेल खत्म'

**नरवाना/जींद:** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को नरवाना हल्के के गांव दबलैन, फरैण कलां, गांव भीखेवाला में जनसभा और ज्वाइनिंग कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में आस्था दिखाई। इससे पूर्व आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने अनुराग ढांडा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी का कोई जनाधार नहीं बचा है। किसान को मुआवजा लेने के लिए, क्लर्कों को सैलरी बढ़वाने के लिए, कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए, विद्यार्थियों को पेपर करवाने के लिए और युवाओं को रोजगार के लिए धरना करना पड़ता है।

# संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मानवमात्र के कल्याणार्थ हेतु सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच बराड़ा में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 130 भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु सिविल अस्पताल अम्बाला छावनी ब्लड बैंक की टीम वहां उपस्थित हुई। शिविर का उद्घाटन वरुण चौधरी ( विधायक बराड़ा ) के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को



समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु प्रशंसा करी। संत निरंकारी मिशन की तरफ से श्री सुरेश कुमार ने( क्षेत्रीय संचालक संत निरंकारी मिशन) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा की रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है मानवता की भलाई हेतु रक्तदान के लिए सभी को आगे आना चाहियें। स्थानीय मुखी ओमवीर सिंह ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश में अग्रणी रहा है। मिशन द्वारा अभी तक 7826 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 12,84,607 युनिट रक्त एकत्रित

**रक्तदान महादान**

**रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 130 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया**

किया जा चुका है। संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यतः रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पोधारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं, निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है।

# मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

नारनौल । स्वास्थ्य विभाग की ओर से 11 से 16 सितंबर तक चलाए जाने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के दूसरे चरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत 0 से 5 साल के सभी बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के अनुसार सभी देय टीके लगाएं जाएंगे तथा सभी गर्भवती महिलाओं को इस अभियान में टीडी के टीके भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के दूसरे चरण में भी पहले चरण की भांति यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर बच्चों के टीके अपलोड किए जाएंगे। टीका लगने के बाद ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी निकाला जा सकेगा। उप सिविल सर्जन (प्रतिरक्षण) डा. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस दौरान जिले में लगभग 589 सैशन लगाए जाएंगे।

# स्नैचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 8 सितंबर 2023 को थाना साहा में दर्ज स्नैचिंग के मामले में पुलिस ने प्रबन्धक थाना साहा निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी शरणवीर सिंह उर्फ शर्णी निवासी गांव केसरी थाना साहा व सुखजीत सिंह उर्फ कालू निवासी

**गिरफ्त में**

**गांव दुबली थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

गांव दुबली थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया चुका है।

# बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें नागरिक: डीसी

**पानीपत, कमाल हुसैन** डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि दिन प्रतिदिन बदलते मौसम में निरन्तर वातावरण में बदलाव आ रहा है। हमें बदलते मौसम के चलते होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ ही आमजन को एहतियात बरतनी चाहिए और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन सजग है। बदलते मौसम में बुखार, खांसी,जुकाम, थायराइड, वजन कम होना, लीवर संबंधित बीमारी, एलर्जी , पेट से जुड़ी बीमारियों, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में करवाएं। नागरिक इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूरी सावधानियां बरतें। डीसी ने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करें और सुबह शाम नियमित योगा एवं ध्यान करें।

# ओम प्रकाश ने साइकिल चलाकर किया साइक्लोथॉन को रवाना

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच के अनुरूप ड्रग फ्री हरियाणा के उद्देश्य को लेकर चल रही साइक्लोथॉन (साईकिल रैली) रविवार को महेंद्रगढ़ जिला से चरखी दादरी जिला में प्रवेश कर गई। हरियाणा उदय आउटरीच प्रोग्राम के तहत चल रही इस साइक्लोथॉन को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने राव तुलाराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर खुद साइकिल चलाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया।



इससे पहले यहां पर मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जो इंसान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ देती है। ऐसे में जरूरी है कि इस बुराई से दूर रहा जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इसी उद्देश्य को लेकर इतना बड़ा महा अभियान शुरू किया है। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान करते हुए कहा कि वे नशा न करें और न ही अपने साथियों को नशा करने दे। सभी को नशा न करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। सरकार का भी यही संकल्प है कि हरियाणा प्रदेश पूरी तरह से नशा मुक्त हो। उन्होंने कहा कि यह साइकिल रैली जहां जन-जन को नशे के विरुद्ध संदेश दे रही है, वहीं साइकिलिंग से शरीर को फिट रखने का संदेश भी दे रही है। "एक साइकिल यात्रा, नशा मुक्ति के नाम" थीम के साथ चल रही ये साइक्लोथॉन राव तुलाराम चौक से रवाना होने के बाद खायरा, खातोद, खातोदड़ा, बलाना, माधोगढ़, डालनवास, सुरेहती जाखल, सतनाली, जड़वा में नागरिकों को जागरुक करते हुए गांव श्यामपुरा से दादरी जिला में प्रवेश कर गई।

# बाबा जाहरवीर का मेला हुआ संपन्न, भक्तों ने मांगी अपनी मन्नतें

## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने आजमाएं अपने दाव, मुकुट चौहान ने बताया कि मेले में 51 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक की कुश्ती करवाई

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल** । बाबा जाहरवीर गोगा चौहान के मेले गांव खोड़ में कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कुश्ती दंगल में प्रदेश के अलावा राजस्थान के पहलवानों ने हिस्सा लेकर अपना जोहर दिखाया। बाबा के स्थान पर महिला व पुरूषों ने मन्नते मांग कर गुगा की छड़ी के साथ वाध्य यंत्रों के साथ प्रक्रिमा की। सूबेदार कृष्ण सिंह, सूबेदार सुमेर सिंह व सूबेदार छतरपाल की तिकड़ी व समस्त गांव के सहयोग से विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता मुकुट चौहान ने बताया कि मेले में 51 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक की कुश्ती करवाई गयी। बल्लुमान सिंह क्लब एव युवा शक्ति ग्राम खोड़ का विशेष सहयोग रहा। 15 हजार रुपए की कुश्ती भी बराबरी पर छुटी, जिसमें पहलवान खुडन अखाड़ा के अहरी निवासी अंकुश व सचिन छारा तथा मनीष बौंद व मस्तु पहलवान के बीच कुश्ती हुई।

**परिक्रमा**

**बाबा के स्थान पर महिला व पुरूषों ने मन्नते मांग कर गुगा की छड़ी के वाध्य यंत्रों के साथ परिक्रमा की**




पहलवानों द्वारा मेला कमेटी ने अच्छी कुश्ती दिखाने पर सम्मानित किया। मेले में 5100 रुपए की 6 कुश्तियां करवाई गई। जिसमें 3 कुश्तिया बराबर रही लेकिन मेला कमेटी ने पलवानों को सम्मानजनक राशि देकर उनका हौसला बढ़ाया। 5100 रुपए की कुश्ती जीतने वाले पहलवानों में उदनवास के गौरव व सिलाना से धर्मबीर विजयी रहे। इसके अलावा बराबरी पर रहने वाले पहलवानों में अभिषेक, अंकुर, रविंद्र सोहना, प्रदीप को भी मेला कमेटी ने प्रोत्साहन राशि भेंट की। मेले में कर्मबीर पहलवान किसान नगर, नानक सिंह, रतीपाल, महेश रैफरी के रूप में अविस्मणीय निर्णय दिये।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानोत्सव का आयोजन 21 से 28 सितंबर तक

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री गीता विज्ञान प्रचार समिति की ओर से स्थानीय करेलिया बाजार में स्थित बाबा जयराम धर्मशाला में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रधान मुकेश मेहता ने बताया की विगत 55 वर्षो से भी अधिक समय से महेंद्रगढ़ की पावन भूमि पर आ रहे बहुत ही दिव्य दुर्लभ संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती जी जिनके दर्शन मात्र से मनुष्य का



जीवन सफल होता है हम सबका मार्गदर्शन करने ओर अपनी मधुरमयी व ओजस्वी वाणी से अमृत की वर्षा कर कथा का रसपान करवाने 21 सितंबर बृहस्पतिवार से 28 सितंबर बृहस्पतिवार तक व्यासपीठ पर विराजमान होकर कथा का रसपान करवाएंगे तथा इस दौरान शहर के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कथा प्रसंग से सम्बंधित झाँकियां भी पेश की जाएगी। कथा का समय प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7:00 बजे तक रखा गया है इस कार्यक्रम से पूर्व दिनांक 21 सितंबर बृहस्पतिवार को ही प्रातः 8:30 बजे कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी जो बाबा जयराम दास धर्मशाला से चलकर नगर के मुख्य बाजारों से होती हुई वापस कथा स्थल पर पहुंचेगी।

# जलमग्न: भारी बारिश से दिल्ली हुई पानी-पानी

## जलभराव से लोगों को हुई बहुत परेशानी, निचले इलाकों और खराब है जल निकासी की व्यवस्था





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** में शनिवार रात हुई वर्षा के बाद राजधानी के लोगों को भले ही उमस भरी गर्मी से राहत मिली हो, लेकिन कुछ क्षेत्रों में जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी। उत्तरी बाहरी दिल्ली के कई क्षेत्र में इसी तरह की परेशानियों से रविवार की सुबह लोगों का सामना हुआ। हालांकि, जी-20 और रविवार की वजह से ज्यादातर कार्यालय बंद होने से सड़कों पर वाहन कम दिखे, लेकिन स्थानीय लोगों को इससे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। निचले इलाकों और खराब जल निकासी व्यवस्था के चलते लोगों का असुविधा का सामना करना पड़ा।

**इन क्षेत्रों में हुआ जलभराव:** दूसरी ओर दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव के कारण खेतों सहित गलियों व मुख्य मार्ग पर पानी भर गया। इससे लोग जरूरी कामों को लेकर भी घर से बाहर नहीं निकल सके। इसमें मुख्य रूप से किराड़ी, बेगम विहार, राजीव नगर, राजीव नगर एक्सटेंशन, रानी खेड़ा, कंझावला, लाडपुर, मुंडका और घेवरा जैसे क्षेत्र शामिल रहे। किराड़ी के 70 फुटा रोड की हालत से जगजाहिर है और यहां जलभराव की लोगों को आदत हो चुकी है। रविवार को भी यहां 2 से तीन फुट पानी भरा रहा।

**कहां-कहां लगा जाम?**

इस दौरान मुंडका रोहतक रोड, मेट्रो स्टेशन से मुंडका मोड़ तक काफी लंबा जाम लग गया। जलभराव की वजह से लोग जाम में फंस गए। वाहन तीन घंटों तक जाम में फंसे रहे। मुंडका में रोहतक रोड पर अक्सर जाम की समस्या रहती है। यहां के रास्ते और फुटपाथ की जर्जर हालत भी इसकी मुख्य वजह है। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस की तैनाती यहां न के बराबर रहती है।

### जलभराव से निपटने के लिए लगाए गए हैं 150 पंप

सतीश उपाध्याय ने बताया कि 100 पंप ऐसे स्थानों पर हैं, जहां जलभराव की संभावनाएं रहती हैं। वहां हमने पंप तो पहले से ही तैनात कर रखे हैं। इसके अतिरिक्त भी 50 मोबाइल वाटर पंप भी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वर्षा के संकेतों के बाद एनडीएमसी ने विभिन्न मार्गों पर वर्षा जल निकासी के केंद्र की फिर निगरानी की थी। वहीं,



दिल्ली में रुक रुककर हो रही वर्षा से शहर के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली के मौसम का पूवार्नुमान साझा करते हुए बताया कि दिल्ली में आगे कुछ घंटे हवा के साथ रुक रुककर बारिश का दौर जारी रहेगा। इसकी वजह से न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 23.5 डिग्री सेल्सियस है।

### भारत मंडपम में भरा पानी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रगति** मैदान में बने भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन का दूसरा और अंतिम दिन था। शिखर सम्मेलन के लेकर प्रशासन ने राजधानी में चाक चौबंद व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन शनिवार की देर रात और रविवार सुबह हुई बारिश के बाद भारत मंडपम के बाहर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**पानी निकालने और सफाई के काम में जुटा एनडीएमसी:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश के बाद भारत मंडपम के बाहर भरे पानी को निकालने के लिए एनडीएमसी ने फ्लोर को साफ करने लिए मशीनें लगी दी हैं। एनडीएमसी ने ट्वीट कर बताया कि रात और सुबह बारिश के चलते उत्पन्न हुई स्थिति को सामान्य करने के लिए कर्मियों को काम पर लगा दिया है।

# आठ वर्षीय बच्ची से युवक ने दुष्कर्म किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी दिल्ली के** केएन काटजू मार्ग थाना इलाके में दूध लेने के लिए घर से निकली आठ वर्षीय बच्ची से युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपित की पहचान शाहबाद दौलतपुर के दिनेश के रूप में हुई है। केएन काटजू थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पति और तीन बच्चों के साथ रहती हैं। वह घरों में काम करती हैं और उनके पति रिक्शा चलाते हैं। सुबह नौ बजे उन्होंने बच्ची को 50 रुपये देकर पास की दुकान से दूध और अन्य सामान लेने के लिए भेजा था। जब काफी देर तक बेटी नहीं आई तो उन्होंने दुकानदार से पूछा। दुकानदार ने बताया कि वह दूध व अन्य सामान लेकर काफी देर पहले ही जा चुकी है। इसके बाद उन्होंने आसपास बेटी को तलाशना शुरू किया। इसी दौरान उन्होंने देखा कि दिनेश उनकी बेटी का हाथ पकड़कर ला रहा था। मां को देखकर बच्ची रोने लगी। मां ने रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने दिनेश की ओर इशारा किया। इतने में दिनेश वहां से चला गया।

**बच्ची ने मां को बताई आप बीती:** इसके बाद बेटी ने मां को बताया कि वह दूध लेकर घर आ रही थी तो दिनेश उसे एक कमरे में लेकर गया और दुष्कर्म किया। केएन काटजू मार्ग थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किया है।

# दो एकड़ में बनेगा यमुनापार का पहला दिव्यांग पार्क

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिव्यांगों** के लिए यमुनापार का पहला विशेष पार्क लोनी रोड राठी मिल स्थित दो एकड़ भूखंड पर बनाया जाएगा। इसे बनाने में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। दिल्ली नगर निगम ने इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले माह की शुरूआत में एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा। इसे दिव्यांग पार्क का नाम दिया जाएगा। सामान्य पार्कों में दिव्यांगों को परेशानी होती है। न ही पैदल पथ पर वह सुगमता से चल पाते हैं, न ही झूले उनके हिसाब से लगे होते हैं। इसे देखते हुए विशेष रूप से उनके लिए निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के इलाके में राठी मिल स्थित भूखंड पर दिव्यांग पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है।

**व्हीलचेयर के लिए होगा खास इंतजाम:** इसमें प्रवेश से लेकर अंदर घूमने के लिए पैदल पथ तक दिव्यांगों के अनुकूल होंगे। प्रवेश द्वार पर सीढी.के साथ रैंप बनाया जाएगा। ताकि व्हीलचेयर पर बैठकर पैरों से दिव्यांग लोग रैंप के रास्ते आसानी से अंदर जा सकें। दृष्टिबाधितों के लिए जगह-जगह ब्रेल लिपि में साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। पैदल पथ पर पीले रंग के स्पर्शीय टाइल्स लगेंगे, जिसके जरिये वह आसानी से चल सकेंगे। शौचालय भी इनके अनुकूल ही होंगे। बैठने के लिए बेंच लगेंगे। गजीबो यानी झोपड़ी आकार में बैठक भी बनाई जाएंगी। सुंदरता के लिए फूलों से लेकर सजावटी पौधे लगाए जाएंगे।




**लगेंगे उपकरण**

▶▶ प्रवेश द्वार पर सीढी.के साथ रैंप बनाया जाएगा। ताकि व्हीलचेयर पर बैठकर पैरों से दिव्यांग लोग रैंप के रास्ते आसानी से अंदर जा सकें

**बनेगा ओपन जिम:** दिव्यांग पार्क में एक ओपन जिम बनाया जाएगा। निगम के उप निदेशक उद्यान सतीश कुमार ने बताया कि इसमें जिम के उपकरण दिव्यांगों के अनुकूल होंगे। अगर दिव्यांग व्हील चेयर पर बैठकर एक्सरसाइज करना चाहेंगे तो आराम से कर सकेंगे। इसमें चेस्ट प्रेस, आर्म एक्सटेंशन, डिसेबल्ड आर्म व्हील, आर्म साइकिल, पुलअप रैक, आर्म एक्सरसाइजर समेत कई उपकरण लगाए जाएंगे।

**सीख सकेंगे वाद्य यंत्र:** दिव्यांग बच्चों के मनोरंजन के लिए इस पार्क में पूरी व्यवस्था की जाएगी। एक हिस्से में अलग-अलग तरीके के वाद्य यंत्र लगाए जाएंगे। बच्चे इस हिस्से में आकर वाद्य यंत्र बजाना सीख सकेंगे। इन यंत्रों में काजोन ड्रम, बाबेल ड्रम (छोटे व बड़े), पैपिलियो बेल, फ्री चाइम्स, रेनबो सांबा, कांगो आदि शामिल रहेंगे। झूलों के बिना पार्कों की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे में इस पार्क में भी दिव्यांगों के अनुकूल झूले लगाए जाएंगे, उनमें सुरक्षा के लिए बेल्ट लगी होगी। इनमें व्हील चेयर स्विंग, सीटर स्विंग, सीटर स्प्रिंग सी-सा, ईटर एमजीआर झूला लगया जाएगा।

# हत्यारोपित ने गवाह पर सूए से किया जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नंद नगरी** इलाके में जेल से जमानत पर बाहर आए एक शख्स ने गवाह पर सुए से हमला कर दिया। वारदात के वक्त पीड़ित मार्केट से अपने घर लौट रहा था। घायल हालत में अनिल वर्मा को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी शिकायत पर नंद नगरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी की है। आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। अनिल वर्मा अपने परिवार के साथ सुंदर नगरी में रहता है। वर्ष 2019 में राजेश जायसवाल नाम के शख्स ने उसके पिता की हत्या की थी। वह इस केस में गवाह है। वह नंद नगरी मार्केट में कुछ सामान लेने के लिए गए थे। वह मोटरसाइकिल से सामान लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में एक नकाबपोश बदमाश ने हाथ दिखाकर उन्हें रोक लिया। वह कुछ समझ पाते इतने में नकाबपोश ने सुआ निकालकर उनके पेट में घोंपने की कोशिश की। पीड़ित ने बीच में अपना हाथ अड़ा दिया। बाद में आरोपित ने धक्का देकर उन्हें गिरा दिया, इस बीच आरोपित के चेहरे पर बंधा कपड़ा भी हट गया। आरोपित ने उनके कूल्हे पर सूए से हमला कर दिया। वारदात के बाद फरार हो गया।




**ईंट से वकील पर किया हमला:** नंद नगरी थाना क्षेत्र में एक शख्स ने रंजिश में ईंट से वकील पर हमला कर दिया। घायल हालत में कुमार को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्तिक राजा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में प्राथमिकी की है। पीड़ित अपने परिवार के साथ ताहिरपुर में रहते हैं। कार्तिक भी उन्हीं के इलाके में रहता है। पीड़ित का आरोप है कि कार्तिक उनसे रंजिश रखता है।

**आरोपी फरार**


▶▶ घायल हालत में अनिल वर्मा को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया

# युवक को 7-9 नाबालिगों ने जमकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के संगम** विहार इलाके में एक युवक पर कई लोगों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। यह घटना शनिवार की शाम को हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि घायल युवक(20) की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

**सभी आरोपी नाबालिग:** पुलिस ने बताया कि घटनास्थाल पर मौजूद सीसीटीवी का फुटेज कब्जे में ले लिया है। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि सात से नौ लोग एक साथ युवक पर चाकू से हमला कर रहे हैं और पीट रहे हैं। सभी आरोपी नाबालिग हैं।



**आरोपियों की हुई पहचान:** पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि हमने सभी आरोपियों की पहचान कर ली है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# भारत मंडपम के पास बने भैरो मंदिर में लगी आग

## दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर पाया काबू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत मंडपम के** पास भैरों मार्ग स्थित भैरो मंदिर में सुबह आग लग गई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने सुबह करीब सात बजे अग्निशमन विभाग को दी थी, जिसके बाद अग्निशमन कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची। आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना भैरों मंदिर के गेट के बाहर हुई और बताया जा रहा है कि बिजली के तारों में आग लगने के कारण यह घटना हुई।

**एमसीडी इलाके में दो स्थानों पर गिरे पेड़, दो जगह हुआ जलभराव:** उधर, वर्षा के कारण निगम इलाके में दो जगह पर जलभराव और दो स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली है। एमसीडी के अनुसार इंद्रपुरी के रत्नपुरी चौक और वेस्ट पटेल नगर में जलभराव की सूचना मिली जबकि सराय काले खां डीडीए फ्लैट और जनकपुरी बी ब्लाक में पेड़ गिर गिरने की सूचना मिली।

**प्रमुख बाजारों की तुलना में छोटे बाजारों में दिखी चहल-पहल:** जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही कमर्शियल वाहनों की आवाजाही पर रोकथाम है। इसके चलते शनिवार को यमुनापार के बड़े बाजारों में व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। वहीं छोटे बाजारों में लोगों की चहल-पहल बनी रही। प्रमुख सड़कों पर कम ही लोग दिखाई दिए।

**बसों के रूट किए गए डायवर्ट:** स्वामी दयानंद मार्ग से विकास मार्ग होते हुए वसंत विहार (बस संख्या-623), बदरपुर बार्डर (बस संख्या-418) सहित अन्य बसों को कड़कड़ी मोड़ की लालबत्ती से सीधा हसनपुर डिपो की ओर जाने के लिए कहा गया। इसी क्रम में लक्ष्मी नगर चुंगी से होते हुए आइटीओ की ओर जाने वाली बसों व कमर्शियल वाहनों को अक्षरधाम पर रास्ते की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विकास मार्ग से आइटीओ तक बसों और कमर्शियल वाहनों पर रोक लगायी गई है।

# अक्षरधाम मंदिर में करीब 45 मिनट रुके ब्रिटेन पीएम ऋषि सुनक, पत्नी संग टेका माथा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अक्षरधाम** मंदिर की सुंदरता और इसके शांति, सद्भाव और एक बेहतर इंसान बनने के सार्वभौमिक संदेश से काफी अभिभूत हैं। यह न केवल पूजा स्थल है, बल्कि एक मील का पत्थर है जो भारत के मूल्यों, और विश्व में योगदान को चित्रित करता है। यह विश्वास, भक्ति और सद्भाव के शाश्वत हिंदू आध्यात्मिक संदेशों को बढ़ावा देता है। मुझे और मेरी पत्नी को भगवान स्वामीनारायण व भगवान श्रीराम के दर्शन कर काफी खुशी हुई है। उक्त भाव ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने व्यक्त किए। वह रविवार सुबह अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ भगवान स्वामीनारायण के दर्शनों के लिए अक्षरधाम मंदिर पहुंचे थे। ऋषि ने कहा कि ब्रिटेन में वह इन्हीं मूल्यों और संस्कृति को ब्रिटिश भारतीय समुदाय द्वारा देश में किए गए सकारात्मक योगदान के माध्यम से देखते हैं।



उन्होंने विश्वास जताते हुए कि महंत स्वामी महाराज अमेरिका के न्यूजर्सी स्थित राबिंसविले में बने सुंदर व आकर्षक स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का जल्द ही उद्घाटन करेंगे।

**माथा टेककर प्रकट किया एक सच्चे हिंदू भक्त का भाव:** मंदिर के निदेशक ज्योतिंद्र दवे ने बताया कि ऋषि ने पत्नी के साथ आरती में हिस्सा लिया व माथा टेककर एक सच्चे हिंदू भक्त का भाव प्रकट किया। साथ ही भगवान श्रीराम, माता सीता व हनुमान जी, शिव शंकर और माता पार्वती की प्रतिमा के समक्ष फूल चढ़ाकर और हाथ जोड़कर प्रार्थना की। निदेशक ने बताया कि उनको भारत की परंपराओं और प्राचीन वास्तुकला से चित्रित अक्षरधाम मंदिर का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिसर का अवलोकन कराया गया। दर्शन के बाद ऋषि ने कहा कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा वह यहां दर्शन के लिए आते रहेंगे। इसके पश्चात दंपति को मंदिर का माडल व अन्य स्मृतियां भेंट की गईं ताकि वे यहां की यादों को अपने साथ ले जा सकें।

**अभिभूत हुए**

▶▶ महंत अमेरिका के न्यूजर्सी स्थित में बने सुंदर व आकर्षक स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का जल्द ही उद्घाटन करेंगे

**मंदिर में करीब 45 मिनट तक रुके ब्रिटेन पीएम:** मंदिर प्रबंधन ने बताया कि प्रधानमंत्री ऋषि और उनका काफिला रविवार सुबह पौने सात बजे मंदिर पहुंचा था। मंदिर में वे करीब 45 मिनट तक रुके। मंदिर के स्वामियों व अन्य पदाधिकारियों ने पारंपरिक हिंदू तरीके से माला पहनाकर, माथे पर टीका लगाकर उनका स्वागत किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ उनके हाथ में रक्षा सूत्र भी बांधा गया। मुख्य मंदिर के अंदर दंपति ने श्री नीलकंठ वर्णी महाराज की मूर्ति पर अभिषेक भी किया और विश्व शांति, प्रगति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की। संस्था के वरिष्ठ स्वामी ब्रह्मविहारी ने कहा कि अक्षरधाम में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का स्वागत करना और महंत स्वामी महाराज के शांति, एकता और सार्वजनिक सेवा के संदेश को साझा करना सम्मान की बात थी।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** जिले की एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी शास्त्री कॉलोनी का है। जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान जाहरी बाइपास के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुम रहा था। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को किसी राहगीर से लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फ्लैट के नीचे खड़ी गाड़ी में लगा दी थी आग, आरोपित के खिलाफ सात माह बाद मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में टीडीआई फ्लैट में पार्किंग में खड़ी गाड़ी में आग लगने व फ्लैट में आग लग जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार में आग लगने के कारण फ्लैट में आग लग गई थी। जोकि सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।
टीडीआई कुंडली निवासी रक्षित ने बताया कि गत 5 फरवरी को अपनी गाड़ी को बिल्डिंग के नीचे पार्क की थी। किसी ने उसकी गाड़ी में आग लगा दी। देखते ही देखते आग बिल्डिंग तक पहुंच गई। मामले को लेकर दमकल विभाग को अवगत करवाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कार में आग लगने के चलते ढांचे में तबदील हो गई। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसके बाद आरोपित की पहचान यश ओबराय के रूप में हुई। आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने यश से बातचीत की। उसने सारा खर्च देने के लिए कहा, लेकिन अब खर्च नहीं दे रहा है। मामले को लेकर उसे पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मेद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ई-रिक्शा चालक को सुनसान जगह पर ले जाकर संवेदनशील अंग में शराब की बोतल डालने का आरोप

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में किराए पर रहने वाले ई-रिक्शा चालक को माल ढुलाई के बहाने बुलाने के बाद उसके साथ मारपीट करने व सुनसान स्थान पर ले जाकर संवेदनशील अंग में शराब की बोतल डालने का आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक के बयान पर मारपीट व कुकर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित उसकी पत्नी को भी अपने पास कहीं रखे हुए है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत है। पुलिस टीमें आरोपितों की तलाश कर रही है।
उत्तर प्रदेश हालत में शहर निवासी युवक ने बताया कि वह ई-रिक्शा किराए पर चलाकर परिवार का गुजर-बसर करते है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में उनकी पत्नी उसे छोडकर. चली गई थी। उसे पता लगा था कि पुनीत नाम के युवक ने उसे अपने पास कहीं रखा हुआ है। वह 8 सितंबर को अपने कमरे पर थे। इसी दौरान पुनीत के मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई थी। जिस पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की थी। जिस पर पुनीत ने किसी अन्य नंबर से उसके पास कॉल की थी। पुनीत ने उसे मामा भांजा चौक के पास बुलाया था। उसने कहा था कि उसे एक कूलर लेकर जाना है। वह वहां पर पहुंचा तो पुनीत व उसका दोस्त वहां पर मिले थे। वह उसे लेकर ऋषि कॉलोनी के शमशान घाट की तरफ चले गए। उन्होंने उसकी ई-रिक्शा को वहीं छोड़ दिया और एक युवक को बाइक सहित बुला लिया। फिर पुनीत व उसका दोस्त उसे बाइक पर बीच में बैठाकर शुगर मिल के पास नाला के निकट ले गए। वहां जबरदस्ती एक पेड़ को पकड़ने को कहा और उसके साथ मारपीट की। वहां से वह एक सुनसान स्थान पर कमरे में ले गए। दोनों ने कमरे में शराब पी और उसे फिर से बुरी तरह पीटा। आरोपितों ने शराब की बोतल उनके संवेदनशील अंग में डाल दी। बाद में उसे उठाकर लाए और 9 सितंबर को तड़के ई-रिक्शा देकर कामी रोड पर छोड़ दिया। उन्होंने मामले को लेकर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वहां से वह बस स्टैंड पर पहुंचे और अपने ई-रिक्शा मालिक को बुलाया। वह उसे अपने साथ ले गए। वह दिनभर अपने कमरे में पड़े रहे। रात को 8 बजे ई-रिक्शा मालिक को बुलाया और उन्होंने कामी रोड पर उनके परिचित के पास छुड़वा दिया। उनके परिचित को मामले का पता लगा तो डायल-112 पर कॉल कर दी। जिस पर पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से सिविल लाइन थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने देर रात अस्पताल में पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारी एसआई पूर्ण ने बताया कि पुलिस ने पुनीत व उसके साथी के खिलाफ मारपीट, कुकर्म, जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# ऐतिहासिक होगी कैथल रैली: नफे सिंह राठी

## ऐतिहासिक होगी ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को कैथल में होने वाली रैली: नफे सिंह राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को कैथल में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी और रैली में उमडने वाला जनसैलाब भाजपा को सत्ता से बाहर करने की नींव रखेगा। रैली का न्यौता देने के लिए आगामी 14 सिंतबर को उमराव ग्रेंड वाटिका में इनेलो प्रधान महासचिव चौ.अभय सिंह चौटाला पहुंचेंगे और जिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित भी करेंगे। इसी की रुपरेखा तैयार करने के लिए आज इनेलो कार्यालय में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने महिला कार्यकर्ताओं की बैठक ली और रैली को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर शहरी जोन प्रभारी ईशा डोरा के प्रयास से कविता शर्मा व अंजु शर्मा समेत कई महिलाएं हुई इनेलो में शामिल।



महिला कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि भाजपा सरकार से आज हर वर्ग दुखी व परेशान है। चारों ओर भ्रष्टाचार का आलम है और कोई भी कार्य आज बिना रिश्वत दिए किसी भी कार्यालय में नहीं होते। इससे साफ हो जाता है कि भाजपा नेताओ का ध्यान जनता की भलाई में नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने व अपने आकाओं को खुश करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के लोग भाजपा की भ्रष्टाचार की दुकान को आने वाले चुनावों में ताला लगाने के लिए तैयार बैठे हैं। उन्होंने कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण आज का युवा सबसे ज्यादा परेशान है, उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। इनेलो की सरकार आने के बाद हर घर से एक युवा को योग्यता के अनुसार नौकरी देंगे। जब तक किसी युवा को नौकरी नहीं मिलती उसे 21000 रूपए बेरोजगारी भत्ता देंगे। हर घर में एक गैस सिलेंडर देंगे और साथ में महिलाओं को 1100 रूपए महीना रसोई खर्च देंगे। कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करेंगे। उन्होंने महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि 14 सितंबर को उमराव ग्रेंड वाटिका में होने वाली जिला कार्यकताओं की बैठक में पहुंचे और चौ.अभय सिंह चौटाला के विचार सुने। साथ ही 25 सितंबर को कैथल में होने वाली रैली में भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओ की भागीदारी करें। बैठक में मौजूद महिलाओं ने हाथ उठा कर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी को रैली को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

**रैली की तैयारी**

▶▶ राठी ने महिला कार्यकर्ताओं की बैठक ली और रैली को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की

## विद्यार्थियों को सुगम व तनाव रहित बनाने के लिए करवाया आत्म साक्षात्कार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** स्पिरिचुअल फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थी जीवन को सुगम व तनाव रहित बनाने के लिए शाश्वत चेतना स्कूल गढ़ी केसरी व सीसीएएस जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्पिरिचुअल फाऊंडेशन के अध्यक्ष सद्गुरू डा. इलम बंसल, डा. जीवन सैनी व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को आत्म साक्षात्कार कराया। डा. इलम बंसल ने कहा कि आजकल के बच्चे पढ़ना तो चाहते हैं, लेकिन पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। स्पिरिचुअलपैथी एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे वह हर प्रकार की शारीरिक व मानसिक समस्याओं को दूर कर अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सहज योग के माध्यम से आत्म साक्षात्कार करवाया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों का मन शांत होने के साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। उन्होंने कहा कि सहज योग से जुड़ कर हम अपने घर पर ही बैठकर हम अपनी हर समस्याओं से निजात पा सकते हैं। सहज योग पद्धति को माता निर्मला देवी ने 1970 में शुरू करवाया अब विश्वभर से सहज योग को अपनाया गया है। इससे घर बैठे निशुल्क बिना किसी दवाई और पैसे के आप सभी अपनी हर तरह की बीमारियों से निजात पा सकते है। उन्होंने बताया कि सहज योग की एक आध्यात्मिक और साइंटिफिक प्रणाली है।

**तनाव रहित**

▶▶ शाश्वत चेतना स्कूल गढ़ी केसरी व सीसीएएस जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया

## 'जी-20 देशों ने माना पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व का लोहा'

**चंडीगढ़:** जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत की सोच के अनुरुप तैयार घोषणा पत्र पर दुनियाभर के अग्रणी नेताओं का सहमत होना भारत की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सिरसा, हिसार, भिवानी व रोहतक में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अल्पकालिक विस्तारकों को संगठनात्मक विस्तार के टिप्स देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में भारत के विचार, समृद्ध परम्परा व संस्कृति से दुनिया के अग्रणी देश प्रभावित हुए हैं और माना कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पानीपत पुलिस सक्रिय

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक हाइवे करनाल हरदीप सिंह दून के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रविवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन के नियमों का उंल्लघना करने वाले 422 भारी वाहनों के चालान किए। इसके अलावा रॉग साईड के 126 व अंडर एज के 14 चालान भी किए। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस द्वारा



जिला में दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर पेप्सी पुल के नजदीक व समालखा में मन्नत ढाबा के पास एक साथ विशेष टीमें तैनात कर यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले भारी वाहनों को रोक चालान कर कार्रवाई अमल में लाई गई। यह अभियान सुबह 10 से शाम चार बजे तक चलाया गया। बाबरपुर ट्रेफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश ने बताया कि हाइवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों व ओवर स्पीड व रॉग साईड चलने की वजह से होती है। भारी वाहन ओवर स्पीड के साथ ही अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे है।

# निलोठी में सचिन जून का हुआ जोरदार स्वागत

## फूलों की माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर सरपंच व ग्रामीणों ने किया सचिन जून का अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**बहादुरगढ़** हलके के हर गांव हर बूथ हर घर तक पहुंचने का संकल्प लेकर निकले हल्का बहादुरगढ़ युथ कांग्रेस अध्यक्ष बहादुरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने निलोठी गांव में पहुंचकर यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मुहिम के तहत युवाओं से संवाद किया व कांग्रेस पार्टी के साथ युवाओं को जोड़ा। सचिन जून ने युवाओं को कांग्रेस का पटका देकर बैंड पहनाकर पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के लिए लोकसभा चुनावो में एकतरफा समर्थन देने की अपील की। पत्रकारो को



संबोधित करते हुए सचिन जून ने भाजपा पर कड़े प्रहार करते हुए वर्तमान सरकार को नाकारा निकम्मी बताते हुए कहा कि आज भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण हर वर्ग दुखी हैं, किसान मजदूर, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी आज सरकार के खिलाफ सड़कों पर है।
प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है, प्रदेश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। आज प्रदेश की जनता भूपेन्द्र हुड्डा की ओर देख रही है।
आने वाले विधानसभा चुनावों में भूपेंद्र हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।
सचिन जून द्वारा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जांच शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर आजाद सिंह, दीपक, मुकेश, तीर्थ, दीपक वशिष्ठ, लाल प्रधान मानसिंह, हेमचंद्र, मोहित, सत्यकाम, अमित गायक, अतुल डगर, सोनू दहिया, धर्मवीर डीएसपी, दीपक, बिल्लू, अजमेर, बलराज, संदीप प्रधान, राकेश, अंकित वशिष्ठ, सतीश, दयानंद, गोपी, कृष्ण, ज्ञान सिंह मास्टर सुनील, महावीर, मयंक दहिया, अभिषेक दहिया, संदीप दहिया, नीतीश सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

**संवाद**

▶▶ यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मुहिम के तहत युवाओं से संवाद किया व कांग्रेस पार्टी के साथ युवाओं को जोड़ा

## प्रॉपर्टी डीलर के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव भठगांव के पास बड़वासनी रोड स्थित कार्यालय में प्रापर्टी डीलर की गोलियां मारकर हत्या करने मामले में पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर पांच नामजद आरोपितों सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चिकित्सकों के बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया है। मृतक के शरीर में एक गोली मिली है। वहीं तीन घाव पोस्टमार्टम में मिले है। मृतक का गोली लगने के बाद घायल अवस्था का वीडियो सोशल साइटों पर वायरल हो रहा है। वीं वारदात प्रॉपर्टी व पैसों के लेनदेन की कहासुनी में अंजाम देने की बात कही जा रही है।
**यह था मामला-** गांव गढ़ी हकीकत निवासी कुलदीप ने बताया कि उसका भाई मुकेश (42) प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। वह शनिवार शाम को अपने साथियों के साथ गांव भठगांव के पास स्थित बिल्डिंग मटेरियल व प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय में सामान लेने के लिए गया हुआ था। उसी दौरान वह अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान फॉर्च्यूनर व स्विफ्ट कार में सवार होकर छह-सात हमलावर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में आने के बाद पूछा कि मुकेश कौन है। हमलावरों की मंशा देखकर सभी ने किसी के मुकेश नहीं होने की बात कही। इसी बीच हमलावरों ने किसी को वीडियो कॉल कर उनके चेहरे दिखाते हुए उनमें से मुकेश की पहचान कराई। जिस पर मुकेश कार्यालय के अंदर भागकर गए और कुंडी बंद कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने कस्सी से दरवाजा तोड़कर अंदर की कुंडली खोल ली और फिर तीन गोली मारकर मुकेश को घायल कर दिया।

## अपहरण एवं डकैती की वारदात में शामिल छह आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना पुलिस ने रास्ता रोककर अपहरण एवं डकैती की वारदात में शामिल छह आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित योगेश, शाहिद, धीरज, सलमान, सलीम, रविंद्र निवासी नरेला दिल्ली के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोई माजरी निवासी रोनक ने गत 6 सितंबर को पलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी गाड़ी में रात को दिल्ली के उत्तम नगर से अपने फोर-व्हीलर में 12 वाशिंग मशीन व सात फ्रिज लोड कर गोहाना के लिए चले थे। जब वह रात करीब 11 बजे नाथूपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे तो टाटा-ऐस सवार पांच-छह युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। जिससे उन्होंने अपनी गाड़ी को रोक दिया।

## अवैध रूप से गौवंश पकडने वाली एक फर्जी गाड़ी को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम सोनीपत नाम लिखकर शहर में अवैध रूप से गौवंश पकडने वाली एक फर्जी गाड़ी को पकड़ा गया है। गौवंश पकड़े जाने वाली फर्जी गाड़ी के पकड़े जाते ही निगम प्रशासन हरकत में आया है। काफी विवादों के बीच व कई गंभीर आरोप लगने के बाद अब निगम प्रशासन ने कुमासपुर नंदीशाला में गौवंश की गिनती करने का फैसला किया है। सूत्रों की माने तो शुक्रवार देर शाम को भी कुमासपुर नंदीशाला में गौवंश की गिनती करवाई गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कम गौवंश मिला है।




गौरतलब है कि कुमासपुर नंदीशाला में जिस एजेंसी को निगम ने पशुओं के रखरखाव व उनके खानपान के लिए जिम्मा सौंपा है। उनकी तरफ से लगातार मनमानी के आरोप लगते रहे हैं, जिनका परिणाम बेजुबान पशुओं को बीमार होकर भुगतना पड़ रहा है।
कुमासपुर नंदीशाला में लगातार गौवंश की हो रही मौत के चलते लगातार निगम अधिकारियों व संबंधित एजेंसी पर आरोप लगते रहे हैं, लेकिन निगम अधिकारी कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं। कुछ लोगों ने निगम अधिकारियों की अनदेखी के खिलाफ शहर में रेड की गई तो एक फर्जी गाड़ी गौवंश पकड़ते हुए मिली। जिस पर नगर निगम सोनीपत, गौरक्षा दल हरियाणा व एम्बुलैंस लिखा हुआ है। फर्जी गाड़ी पकड़े जाने के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया है और फर्जी गाड़ी को लेकर पूछताछ की जा रही है। नगर निगम ने हाल ही में शहर के अंदर से गौवंश पकडने का टैंडर नैन फाऊंडेशन नामक एजेंसी को दिया है। नैन फाऊंडेशन ने कुमासपुर नंदीशाला में गौवंश के साथ हुई बेकद्री की पोल निगम कमिश्नर के सामने शिकायत रखकर खोली।

## 'रक्तदान जाने बचाने व जीवन से जुड़े परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** दतौली गांव स्थित शिव मंदिर के परिसर में रविवार को तीन संस्थाओं ने संयुक्त रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि लोकेश गोस्वामी ने शिरकत की। शिविर में करीब 78 युवाओं ने उत्साह के साथ किसी की अनमोल जिंदगी बचाने को लेकर अपना खूनदान किया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने रक्तदाओं को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता है बल्कि साथ-साथ कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े परिवारजनों की



आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। ऐसे में जरूरी है कि युवा समय-समय पर अपना खूनदान अवश्य करें। सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच लोकेश गोस्वामी ने कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की जरूरत पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद की मदद हो सकेगी। क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन अरुण गोस्वामी ने शिविर के सफल आयोजन को लेकर क्लब से अशोक वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने स्कूटी सवार पेट्रोल पंप मैनेजर को चपेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई** थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी स्थित लैंडमार्क फिलिंग स्टेशन के बाहर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने स्कूटी सवार पेट्रोल पंप मैनेजर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैनेजर की स्कूटी करीब 25 फीट दूर जाकर सामने खड़ी बुलेट बाइक से टकरा गई। हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गए। गाड़ी चालक उन्हें लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। चालक अस्पताल से गाड़ी सहित भाग निकले। पुलिस ने फिलिंग स्टेशन के सीनियर मैनेजर के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जठेड़ी स्थित लैंडमार्क फिलिंग स्टेशन के सीनियर मैनेजर उमेद सिंह ने बताया कि उनके साथ उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव तुगाना निवासी सुधीर दो साल से अधिक समय से काम कर रहा था। सुधीर अपनी स्कूटी लेकर पक्षियों के लिए दाना लेने गए थे। जब वह फिलिंग स्टेशन के सामने पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह स्कूटी समेत करीब 30 फीट तक घिसटते हुए गए और हादसे के दौरान सामने आकर रुकी बुलेट बाइक से टकरा गए। जिस पर चालक ने गाड़ी को रोक दिया। फिलिंग स्टेशन कर्मियों व अन्य राहगीरों की मदद से आरोपी की गाड़ी में घायल सुधीर को बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। गाड़ी चालक वहां से भाग गया। राई थाना पुलिस ने रविवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने उमेद सिंह के बयान पर गुजरात नंबर की गाड़ी के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय

# इकोनॉमिक कॉरिडोर के मायने

**वसुधैव कुटुम्बकम** से लेकर पूंजीवाद तक के लिए मुफीद ग्लोबल विलेज की अवधारणा के दृष्टिगत तेजी से बदलती दुनियादारी के बीच जी-20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र के अलावा प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की जो घोषणा हुई है, उसके वैश्विक व क्षेत्रीय आर्थिक और सामरिक मायने अहम हैं। निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जाएगा। मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आए हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिए से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। जानकारों की राय में, इस नए गलियारे के फैसले से भू-राजनीतिक रूप से न केवल एशिया और यूरोप के देश एक दूसरे के बेहद करीब आएंगे, बल्कि अशांत मध्यपूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न भी करेंगे। इस नजरिए से देखा जाए तो यह एक बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए एक साथ काम करने के लिए संकल्प लेने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बेजोड़ नमूनों में से एक है। नया गलियारा भारत के प्रतिद्वंद्वी देश चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक भारतीय विकल्प के रूप में भी आंका जाने लगा है। इससे चीन व उसके समर्थक देशों को मिर्ची भी लगी होगी, लेकिन 'मोदी डिप्लोमेसी' के सामने न तो किसी की चलती है और न ही कुछ चलने देने के लिए कोई कमी अपनी नीति में वो छोड़ते हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुके हैं।

बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है। जिसे अब भारत की बदलती सशक्त कूटनीति व रणनीति से कड़ी टक्कर मिल रही है। भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व और अफ्रीका के कई देशों ने अपनाया है। इसलिए अब बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नया प्रस्तावित आर्थिक गलियारा किस गति से लागू किया जाता है और इसके सामूहिक ध्येय की प्रतिपूर्ति में कितनी ईमानदारी बरती जाती है।

# अंधाधुंध मानवजनित गतिविधियों का ही नतीजा हैं भूकंप!

सुनील कुमार महला

> विभिन्न आधारभूत संरचनाओं, जैसे-पुलों, रेल की पटरियों, भवनों, नगरों ,आदि की क्षति हो सकती है। यहां तक कि भूकम्प के कारण भूस्खलन, बाढ़, आग लगना जैसी आकस्मिक दुर्घटनाओं का जन्म भी हो सकता है। भूकंप के कारण बांध टूट सकते हैं, हिमस्खलन का खतरा पैदा हो सकता है।
> कई बार समुद्री भाग में भूकम्प आ जाने से सुनामी जैसी आपदा पैदा हो जाती है, जिससे तटीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तबाही होती है। वैसे भूकंप मानव निर्मित भी हो सकते हैं। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि कोई भी भूकंपीय घटना, प्राकृतिक या मानव निर्मित जो भूकंपीय तरंगें उत्पन्न करती है, भूकंप मानी जाती हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मूलत: भूकंपीय तरंगें दो प्रकार की होती हैं, जिनमें भूगर्भिक तरंगें एवं धरातलीय तरंगें शामिल हैं

**अफ्रीकी** देश मोरक्को में हाल ही में 8 सितंबर 2023 शुक्रवार को एक जोरदार भूकंप आया। जानकारी मिलती है कि यहां झटके स्थानीय समयानुसार देर रात करीब 11.11 बजे महसूस किए गए। कुछ देर बाद ही इन जगहों पर भूकंप के ऑफ्टरशॉक भी महसूस किए गए जिनकी तीव्रता 4.9 मापी गई है। वैसे इस भूकंप की तीव्रता मोरक्को जियोलॉजिकल सेंटर के अनुसार 7.2 बताई जा रही है। यह आर्टिकल लिखने तक ही इस भूकंप से आठ सौ बाइस लोगों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतकों में आधे से ज्यादा अल-हाऊज और तरूडांट प्रांत के हैं। इसके अलावा मोरक्को के उआरजजाते, चिचाउआ, अजीलाल और यूसुफिया प्रांत के अलावा मरक्केश, अगादीर और कैसाब्लांका इलाके में भी मौतों को दर्ज किया गया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भी आशंका जताई जा रही है कि इस भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा अभी काफी बढ़ सकता है। जानकारी मिलती है कि इस भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान शहर के बाहर पुरानी बस्तियों को हुआ है। बताया जा रहा है कि 120 सालों में यह सबसे ताकतवर भूकंप था। इस खतरनाक भूकंप में जहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं वहीं दूसरी ओर 672 लोग जख्मी हुए हैं। वैसे यू एस जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी तीव्रता 6.8 बताई है। इस ताकतवर भूकंप की वजह से कई इमारतें ढह गईं हैं। सोशल मीडिया पर भी इस भूकंप से जुड़े कई वीडियो तेजी से वायरल हो हुए, जिसमें लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भूकंप का एपिसेंटर एटलस पर्वत के पास इघिल नाम का गांव बताया जा रहा है, जो माराकेश शहर से 70 किलोमीटर की दूरी पर है। भूकंप की गहराई जमीन से 18.5 किलोमीटर नीचे थी। मीडिया के हवाले से खबरें मिली हैं कि पुर्तगाल और अल्जीरिया तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप से अनेक इमारतें पलभर में ही मलबे में तब्दील हो गईं। यह भी जानकारी मिलती है कि यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल ऐतिहासिक माराकेश में पर्यटकों का ध्यान खींचने वाली लाल दीवारों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यू एस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक उत्तरी अफ्रीका में भूकंप काफी दुर्लभ है। जानकारी मिलती है कि इससे पहले 1960 में अगादिर के पास 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। तब



हजारों लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन दिल्ली में अपने शुरूआती भाषण में इस भीषण भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि , ह्यमुश्किल की इस घड़ी में पूरा विश्व समुदाय मोरक्को के साथ है और हम उन्हें हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं। हाल फिलहाल जानकारी देना चाहूंगा कि भूकंप एक खतरनाक प्राकृतिक आपदा है। भूकंप के कारण जान-माल की बड़े पैमाने पर क्षति हो सकती है। विभिन्न आधारभूत संरचनाओं, जैसे-पुलों, रेल की पटरियों, भवनों, नगरों ,आदि की क्षति हो सकती है। यहां तक कि भूकम्प के कारण भूस्खलन, बाढ़, आग लगना जैसी आकस्मिक दुर्घटनाओं का जन्म भी हो सकता है। भूकंप के कारण बांध टूट सकते हैं, हिमस्खलन का खतरा पैदा हो सकता है।

कई बार समुद्री भाग में भूकम्प आ जाने से सुनामी जैसी आपदा पैदा हो जाती है, जिससे तटीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तबाही होती है। वैसे भूकंप मानव निर्मित भी हो सकते हैं। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि कोई भी भूकंपीय घटना, प्राकृतिक या मानव निर्मित जो भूकंपीय तरंगें उत्पन्न करती है, भूकंप मानी जाती हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मूलतः भूकंपीय तरंगें दो प्रकार की होती हैं, जिनमें भूगर्भिक तरंगें एवं धरातलीय तरंगें शामिल हैं। वास्तव में भूगर्भिक तरंगें उद्गम केंद्र से ऊर्जा के मुक्त होने के दौरान उत्पन्न होती हैं तथा ये पृथ्वी के आंतरिक हिस्सों से होकर सभी दिशाओं में आगे बढ़ती हैं। ये भी दो प्रकार की होती हैं, जिनमें 'पी' व 'एस' तरंगें शामिल हैं। यदि हम यहां 'पी' तरंगों की बात करें तो ये तीव्र गति से चलकर धरातल पर सबसे पहले पहुँचती हैं। इन्हें प्राथमिक तरंगें भी कहते हैं जो ध्वनि तरंगों जैसी होती हैं। ये ठोस, द्रव व गैस तीनों माध्यमों से गुजर सकती हैं। वहीं दूसरी प्रकार की तरंगों को 'एस' तरंगों के नाम से जाना जाता है। 'एस' तरंगें धरातल पर कुछ समय बाद पहुँचती हैं तथा द्वितीयक तरंगें कहलाती हैं। ये केवल ठोस माध्यमों में ही चल सकती हैं। ये तरंगें सबसे ज्यादा विनाशकारी होती हैं। वहीं यदि हम यहां धरातलीय तरंगों की बात करें तो भूगर्भिक तरंगों एवं धरातलीय शैलों के बीच अन्योन्य क्रिया के कारण उत्पन्न तरंगों को धरातलीय तरंग कहा जाता है। ये तरंगें धरातल के साथ-साथ चलती हैं। इन्हें 'एल' तरंगें भी कहते हैं तथा ये भी अत्यंत विनाशकारी होती हैं। वास्तव में यह पृथ्वी की स्थलमंडल परत में ऊर्जा की अचानक रिहाई के परिणामस्वरूप होता है, जिससे भूकंपीय तरंगें पैदा होती हैं। वह सतह जहां प्लेटें खिसकती हैं, फॉल्ट प्लेन या सीधे शब्दों में कहें तो फॉल्ट कहलाती है। हाइपोसेंटर पृथ्वी की सतह के नीचे के उस स्थान को कहा जाता है जहां भूकंप शुरू होता है, और हाइपोसेंटर के ठीक नीचे के स्थान को भूकंप का केंद्र कहा जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि इस वर्ष 6 फरवरी 2023 को भी तुर्की और सीरिया में भी खतरनाक भूकंप एक त्रासदी बनकर आया था। एक के बाद एक लगातार आए भूकंप के झटकों ने इन दोनों ही देशों (विशेषकर तुर्की) को बुरी तरह प्रभावित किया था। जानकारी देना चाहूंगा कि भूकंप के मुख्य कारण टेक्टोनिक प्लेटों का हिलना, ज्वालामुखी विस्फोट, भूमिगत विस्फोट, प्रेरित भूकंप (मानवीय गतिविधियाँ) आदि को शामिल किया जा सकता हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि मानव जनित कारणों में खनन क्रिया, परमाणु विस्फोट, भूमिगत जल निष्कर्षण, बांधों का निर्माण व प्रकृति के साथ लगातार छेड़छाड़ शामिल है तथा अन्य कारकों में उल्कापात, पृथ्वी के घूर्णन या परिभ्रमण के अन्तर्गत अन्य आकाशीय पिण्डों के पृथ्वी पर प्रभाव से होने वाली हलचल आदि को शामिल किया जा सकता है।

इनके अलावा, भूकंप कई भूवैज्ञानिक कारकों, प्राकृतिक घटनाओं के कारण हो सकते हैं। वास्तव में भूगर्भिक हलचलों द्वारा भूपटलीय भ्रंशन तथा वलन होता है, जिसका प्रमुख कारण तनावमूलक तथा संपीडन बल है। तनावमूलक बल से प्रायः भ्रंशों का निर्माण होता है जबकि संपीडन बल के कारण वलन एंव क्षेपण की प्रक्रियाएं होती हैं, जिसके फलस्वरूप भूकम्प की उत्पत्ति होती है। भूकंप वैसे तो प्राकृतिक घटना है, जिस पर मानव का कोई नियंत्रण नहीं है लेकिन प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जैसे प्रकृति का संरक्षण कर व भूकंप से बचने के उपायों को अपनाकर भूकंप से बचाव किया जा सकता है। भूकंप से बचने के लिए हमें यह चाहिए कि हम
भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का प्रयोग करें ताकि हल्के झटकों में घर सुरक्षित रहे। घर के अंदर होने की दशा में भूकंप आने पर हम किसी मजबूत मेज या बेड के नीचे शरण ले सकते हैं तथा साथ में आपातकालीन किट को रख सकते हैं। खुले क्षेत्रों में रहने पर पेड़ों, खंभों, पुलों, इमारतों इत्यादि से हमें दूर रहना चाहिए। यदि भूकंप के समय यदि हम कोई वाहन या गाड़ी चला रहे हैं तो हमें यह चाहिए कि हम अपने वाहन को रोककर उसमें अंदर बैठे रहें तथा उसे पेड़ों, इमारतों, तारों, इत्यादि से दूर रखें। हमें आपातकालीन सहायता नंबरों को याद रखना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे तुरंत संपर्क किया जा सके। भूकंप आने की स्थिति में घबरायें बिल्कुल भी नहीं, शांति और धैर्य से, दिमाग से भूकंप से बचने के उपाय करें, घबराने से स्थिति बिगड़ती ही है।

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

## कविता

### किसने बनाया बारूद ?

स्वचालित मशीनगनों को आखिर किसने
बनाया है ?
किसने बनाई हैं मिसाइलें ?
किसने बनाये हैं एटमी हथियार ?
क्यों दनदनाती हैं बंदूकें ?
क्यों लथपथ हो रही है आज संगीनों की काया
?
ये नफरत की दुनिया आखिर क्यों ?
कारखाना जंग का ईश्वर ने तो नहीं बनाया !
ये आदमी की ही देन है
आहों, चीत्कारों -चीखों का धुंआ
आखिर क्यों पीता है रोज ये आदमी ?
अमन-चैन से आखिर क्यों नहीं बैठता आदमी
?
शायद इसलिए कि
आदमी को ही चाहिए सबकुछ
स्वार्थ लोलुप होकर आदमी हासिल करना
चाहता है
इस दुनिया से न जाने क्या क्या ?
लेकिन
आदमीजात तो सिर्फ और सिर्फ मांस की
गठरियां हैं
आदमी यूं ही भागा फिरता है जिंदगी-भर
शायद आदमी को भान नहीं है कि
यश, गौरव,प्रतिष्ठा
के सभी रास्ते कब्र की ओर ही जाते हैं...!

सुनील

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत को यूएई से सीखना

**डा मनमोहन प्रकाश**

**किसी** भी संस्था के विदेश टूर प्रोग्राम का उद्देश्य होता है किसी नये राष्ट्र को विभिन्न दृष्टिकोणों से एक्सप्लोर करना, अपने देश और वातावरण के परिप्रेक्ष्य में संभावनाओं की तलाश करना, अपने विभिन्न जाति धर्म के साथी सदस्यों के मध्य एकता, भाई चारा और अनुशासन स्थापित करना, मतभेदों को भूलाना और संबंधों को स्नेहिल और मजबूत बनाना तथा गंतव्य देश की सामाजिक स्थिति,सभ्यता, संस्कृति, विकास एवं तकनीकी के श्रेष्ठ बिन्दुओं को समझना, अध्ययन करना। और यदि संभव हो तो उस देश की श्रेष्ठता को अपने आचरण में उतारना। इन्हीं उद्देश्यों से आयोजित लायन्स क्लब इंटरनेशनल 3233 जी 1 इंदौर का दुनिया के सुंदर शहर में सम्मिलित यूएई के दुबई और आबूधाबी राज्य का स्टडी और मनोरंजन टूर(4-9 सितम्बर,2023तक)का आयोजन किया और मुझे टूर सदस्य के रूप में वहाँ का अध्ययन करने का अवसर मिला।

इस स्थान का चयन इसलिए किया गया कि यहाँ की आबादी और विकास में भारतीयों की अच्छी खासी सहभागिता है साथ ही हवाई यात्रा की दूरी भी कम है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां हिंदी एयरपोर्ट से लेकर दुकानदारों तथा टैक्सी ड्राइवर तक बोली और समझी जाती है। यह देश कम प्राकृतिक संसाधनों (केवल तेल,गैस और अल्यूमीनियम प्रमुख हैं) के बावजूद सुदृढ़ आर्थिक स्थिति और तकनीकी से समृद्ध है - यहाँ की बहुत सी चीजें दुनिया में इसे नंबर वन बनाती है। यहाँ इन्कमटैक्स नहीं है। टैक्स के नाम पर कस्टम ड्यूटी और वेट टैक्स है वो भी नोमिनल। भ्रष्टाचार नहीं होने से टैक्स लगाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती क्योंकि वास्तविक लागत में ही काम हो जाता है। यहां के लोग अच्छी तरह से समझते हैं कि भ्रष्टाचार तथा बिचौलियों के कारण उत्पाद की लागत बढ़ती है और निर्माण भी घटिया होता है इसलिए इससे दूर ही रहना चाहिए। इतना ही नहीं यहाँ भ्रष्टाचार और अपराधों के विरुद्ध न सिर्फ कड़े कानून है अपितु उनका पालन भी कठोरता से किया जाता है, शायद इसीलिए इस देश की प्रगति भी तीव्र गामी और समयबद्ध है। भारत से भी यदि भ्रष्टाचार और अपराध खत्म हो जाय तो हमरा देश में वो क्षमता है कि वह विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त कर सकता है। मैं समझता था कि यूएई की इनकम का प्रमुख स्त्रोत तेल है , पर ऐसा नहीं है। यहाँ की राष्ट्रीय आय का प्रमुख साधन विकसित पर्यटन है, जो कुल आय का 20 प्रतिशत तक है और दूसरे नंबर पर पेनल्टी(दंड शुल्क) से प्राप्त धन है। दंड शुल्क नियमों का पालन न करने और किसी भी प्रकार की बेईमानी, धोखाधड़ी, नियम विरुद्ध आचरण, नशाखोरी आदि से प्राप्त होती है।यहाँ हथियार और मादक पदार्थ पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। यहां का यातायात बहुत ही अनुशासित और तीव्र गति से संचालित होता है। यहां के शासक का स्पष्ट मत है कि जिसे हमारे देश के नियम स्वीकार नहीं है उसे यह देश भी स्वीकार नहीं करेगा, उसके लिए देश में कोई स्थान नहीं है।

## विचार

# जी20: भारत की सफल कूटनीति का आगाज

**किशन भावनानी गोंदिया**

**भारत में** दिनांक 8 - 9 -10 सितंबर 2023 के हर पल का हर लम्हा, जब विश्व के कोने-कोने में बसे भारतीयों ने प्रिंट इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में पढ़ा और देखा तो खुशी से गौरववित होकर गदगद हो उठा कि विश्व में भारत के करीब आने की हर देश किस होड़ मची है। हर मेहमान टॉप लेवल लीडर से आम सैलानी तक भारत की मेहमान नवाजी अतिथि देवो भवः से प्रफुल्लित हो उठे और हर भारतीय कहने लगा मुझे भारतीय होने पर मुझे गर्व है। ऐसा है मेरा भारत देश! क्योंकि इसके पहले ऐसा अभूतपूर्व पल विकसित विकासशील देशों के टॉप लीडरों का भारत हब बना हो, शायद कभी नहीं देखे हैं। वर्तमान युवा पीढ़ी तो देखकर दंग है कि भारत का इतना रुतबा है, उन्होंने इतिहास के पन्नों में नहीं पढ़ने को मिला था पर अभी इतना इतिहास रचा जा रहा है। भारतीय कूटनीति का सबसे बड़ी सफलता का आगाज अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल करवा कर जी21 बनाना अपने आप में बहुत बड़ा काम भारत ने कर दिखाया है। जब माननीय पीएम ने अफ्रीकी यूनियन के मुखिया को जी20 सीट पर अपना स्थान ग्रहण करने का आह्वान किया और बताया कि और को जी20 में स्थाई सदस्य का दर्जा दिया गया है तो पूरा विश्व हैरानी से इस सफल कूटनीति को देखकर, भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा करने लगा, क्योंकि भारत ने चीन को भी इसके लिए मना लिया था। दूसरी तरफ बड़ी उपलब्धि जी20 घोषणा पत्र 2023 पर सभी लीडर्स सदस्यों की सहमति बन गई है जिसकी औपचारिकघोषणा होगी,जिसमें 9 बार आतंकवाद और 4 बार यूक्रेन का जिक्र है और घोषणा पत्र में यूक्रेन पर खाली छोड़े गए पैराग्राफ को भी आम सहमति से भर दिया गया है, जिससे भारतीय पीएम का कुशल नेतृत्व प्रदर्शित हुआ है। जी20 के इतिहास में भारत का जी20 2023 सबसे महत्वाकांक्षी रहा है, क्योंकि 112 परिणाम और अध्यक्ष दस्तावेज का संग्रह हमने पिछले अध्यक्षों से तीन गुना से अधिक कार्य किया है, जिसमें नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (नई दिल्ली घोषणा पत्र) मजबूत रिकॉर्ड, संतुलित और समन्वयशील विकास एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाने, सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौते, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान और बहुपद को पुनर्जीवित करने पर केंद्रित है। चूंकि इस जी20 शिखर सम्मेलन प्लेटफार्म में भारतीय नेतृत्व ने अपनें कुछलनेतृत्व की शॉप छोड़ी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जी-20 मंच पर भारत को वैश्विक नेता के रूप में देखकर हर नागरिक गौरववित होकर खुशी से गदगद हुआ है।

साथियों बात अगर हम जी20 के 9-10 सितंबर 2023 के दिन की उपलब्धियों की करें तो, 09 सितंबर को जब जी20 शिखर सम्मेलन की शुरूआत हुई तो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक पहला सत्र वन अर्थ पर आयोजित किया गया।वहीं वन फैमिली पर दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से 4.45 बजे तक चला। शाम 7 बजे डिनर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष मुलाकात किए। जहां इनके बीच रात 8 बजे से 9.15 बजे तक बातचीत हुई।रविवार याने जी20 सम्मेलन के आखिरी दिन वन फ़्यूचर पर तीसरा सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित हुआ। इस सत्र के बाद जी20 शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। बता दें 08 सितंबर यानें शुक्रवार को अमेरिका,बांग्लादेश और मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई। 09 सितंबर यानें शनिवार को ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, इटली सेद्विपक्षीय वार्ता हुई।वहीं 10 सितंबर यानी रविवार को कनाडा, तुर्किए, यूएई और दक्षिण कोरिया से द्विपक्षीय वार्ता हुई। वहीं इस सम्मेलन में शामिल हो रहे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सोमवार यानें 11 सितंबर को पीएम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथियों बात अगर हम नई दिल्ली जी20 लीडर्सडिक्लेरेशन परआम सहमति की करें तो, जी20 घोषणापत्र के 37 पन्नों में चार बार यूक्रेन का जिक्र हुआ है। रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच ये बात विशेष तौर पर ध्यान देने वाली है. घोषणापत्र में यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति' का आह्वान किया गया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विश्वगुरु भारत के स्वयंभू ज्ञानियों के यह अज्ञानता पूर्ण बोल

**तनवीर जाफरी**

**भौगोलिक** संरचना के चलते पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन होने व बादल फटने की घटनायें आम तौर पर वैश्विक स्तर पर होती ही रहती हैं। परन्तु इस बार वर्षा ऋतु के दौरान खासतौर पर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में हुई भरी बारिश के चलते तबाही के कुछ ज्यादा हो दृश्य देखने को मिले। जान माल का भारी नुकसान हुआ,सैकड़ों भवन भूस्खलन में ढह व बह गये ,अनेक पुल ध्वस्त हुये,अनेक रास्ते काट गये,कई जगह भीषण बाढ़ के भयावह दृश्य देखे गये। हालांकि यह आपदा प्राकृतिक तो जरूर थी परन्तु अनेक भू विज्ञान विशेषज्ञों ने इस अत्यधिक तबाही के पीछे कई कारण भी बताये। उदाहरण के तौर पर कुछ ने पहाड़ी क्षेत्रों में रेल व वाहन यातायात हेतु बन रही सुरंगों के कारण होने वाले भीषण विस्फोट के चलते पहाड़ों में होने वाली कंपन को इसका कारण बताया तो कुछ ने विकास के नाम पर होने वाले सड़कों व भवनों के बेतहाशा निर्माण को इसकी वजह बताया। कुछ ने पहाड़ों में बढ़ते शहरीकरण के चलते होने वाली पेड़ों व जंगलों की अनियंत्रित कटाई को इसकी वजह माना। तो इस तरह के चुनौतीपूर्ण विकास कार्यों को सही व वक़्त की जरुरत मानने वाले कई विशेषज्ञों ने दुनिया भर से उठने वाले सबसे प्रमुख स्वर में अपना भी सुर मिलाते हुये इन सभी आपदा पूर्ण परिस्थितियों का जिम्मा 'ग्लोबल वार्मिंग ' पर मढ़ने की कोशिश की। परन्तु इन सबसे अलग और विचित्र तर्क पेश किया गया हिमाचल प्रदेश में मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई टी ) के निदेशक लक्ष्मीधर बेहरा द्वारा। बेहरा का मत है कि पशुओं पर की जा रही क्रूरता के कारण प्रदेश में भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से मांस नहीं खाने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया। उन्हें छात्रों को मांसाहार न करने की शपथ भी दिलाई । बेहरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यअगर हम ऐसा करते रहे तो हिमाचल प्रदेश में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा कि आप जानवरों को मार रहे हैं। निर्दोष जानवरों को, इसका पर्यावरण के क्षरण के साथ ही सहजीवी संबंध भी है।

## प्याज की परतें

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक बार** की बात है। नाटकगंज के सब्जी मंडी में पियाजीलाल नाम एक विनम्र प्याज रहता था। पियाजीलाल नाम का यह प्याज कोई साधारण प्याज नहीं था। उसे पूरे राज्य में सबसे भावुक और नाटकीय प्याज के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त थी। एक दिन, पियाजीलाल ने भोजन तैयार कर रहे एक रसोइये को खुद को छीलते हुए पाया। जैसे ही उसकी त्वचा की प्रत्येक परत छिल गई, पियाजीलाल रोने और कराहने के अलावा कुछ नहीं कर पाया। वह रोते हुए कहने लगा - "ओह, बहुत दर्द हो रहा है! दुनिया के सामने मेरी सच्चाई उजागर होने की पीड़ा! मेरे काले चिट्ठे पर चढ़ीं सुरक्षा की परतें चली गईं!" रसोइये ने नौटंकी कर रहे पियाजीलाल पर से अपनी आँखें घुमाईं और छीलना जारी रखा। हर परत के साथ पियाजीलाल की चीखें तेज होती गईं। पियाजीलाल विद्रोही स्वर में कहने लगा, "अफसोस, मेरे बाहरी आवरण, मेरे दोस्तों! मैं तुम्हें अलविदा कहता हूँ! मेरा काला चिट्ठा प्रकट हो रहा है, और यह मेरी सहमी हुई आत्मा के लिए सहन करने योग्य नहीं है।" पियाजीलाल के नाटकीय प्रदर्शन की बात पूरी रसोई में फैल गई और जल्द ही सभी सब्जियाँ इस तमाशे को देखने के लिए इकट्ठा हो गईं। जब पियाजीलाल अपनी छिली हुई स्थिति पर शोक व्यक्त कर रहा था तब गाजर, आलू और यहां तक कि कटे हुए सलाद के टुकड़े भी उसे विस्मय से देख रहे थे। किंतु, अराजकता के बीच, लल्लू नाम का एक बहादुर छोटा लहसुन हस्तक्षेप करने के अलावा कुछ नहीं कर सका। व्यंग्यपूर्ण लहजे में लल्लू ने कहा, "बहुत हुई नौटंकी, कृपया अपना रोना-धोना बंद करो, पियाजीलाल! हम सभी जानते हैं कि छीलना हमारी सब्जियों के जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। तुम छीलने वाले न तो पहले प्याज हो और न ही आखिरी।" पियाजीलाल ने और भी जोर से सिसकते हुए कहा, "लेकिन लल्लू, तुम नहीं समझते! मेरी परतें ही मेरे लिए सब कुछ थीं! अब हर कोई मेरी कमजोरी जैसे कोर को देख सकता है। सोचो अगर क्या होगा कि वे मुझे आंकने लगे? अब हर कोई मेरे बारे में अपने-अपने हिसाब से कुछ न कुछ कहेगा। क्या होगा अगर मैं स्वादिष्ट न निकला तो? मैं अपने को लेकर बहुत संवेदनशील हूँ।"

## न्यूज फ्लैश

### पेड़ों को कराया दर्द से मुक्त: दिनेश बख्शी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी द्वारा आज निर्मल कुटिया से निगम कार्यालय तक पेड़ों को पोस्टर, कीलों और पिन से आजाद करवाया गया। सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि एडवरटाइजमेंट एजेंसियों को चाहिए कि वह पेड़ों पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन पिन व कील से न लगाए, क्योंकि पेड़ों में भी जीवन होता है और उन्हें भी दर्द होता है। पेड़ मित्र बने और उनकी देखभाल करे, क्योंकि पेड़ हमें निस्वार्थ भाव से ऑक्सीजन, लकड़ी, फल और छाया देते हैं। उसके बदले वह हमसे कुछ नहीं, प्यार मांगते हैं। राजेश शर्मा ने कहा कि जहा से पोस्टर उतार दिए गए हैं, वहां दोबारा न लगे, इसकी जिम्मेदारी निगम की होनी चाहिए और इसके साथ ही निगम के स्वच्छता दूत भी लक्ष्य जनहित सोसाइटी का सहयोग पोस्टर उतारने में करें। सोसाइटी के महासचिव अमित सचदेवा ने बताया कि इससे पहले सांई बाबा मंदिर से जीटी रोड व नूरमहल चौक से जीटी रोड तक पेड़ों से पोस्टर व कील उतारे जा चुके हैं। आज की इस सेवा में मोहिंदर शर्मा, सतिंदर गांधी, अमित सचदेवा, राजेश शर्मा, मुनिराज शर्मा, दिनेश बक्शी शामिल हुए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# साइकिल चलाने वाले रहते हैं पूरी तरह फिट: सुरेंद्र गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जेसीआई करनाल सिटी ने जेसी वीक के तहत नशा मुक्त हरियाणा के नारे को बुलंद करते हुए साइकिल रैली का आयोजन किया। यह साइकिल रैली स्वर्गीय नरेंद्र गुप्ता की याद में आयोजित की गई। रॉयल साइकिल क्लब के सहयोग से आयोजित इस रैली में करनाल के इतिहास में रिकॉर्ड 300 से अधिक साइकिलिस्ट ने हिस्सा लिया।

साइकिल रैली में दूनार फूडस से सुरेंद्र गुप्ता एवं सुधीर गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद भी साइकिल पर चलकर पूरी रैली का आनंद लिया। साइकिल रैली में भाग लेने वालों को सम्बोधित करते हुए सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हररोज साइकिल चलाने वाले पूरी तरह से फिट रहते हैं।



साइकिल चलाने से न तो किसी प्रकार की बीमारी होती है, बल्कि इससे खून भी शुद्ध होता है। जेसी वीक के प्रमुख नरेश गुप्ता ने बताया कि साइकिल चलाने से अच्छा व्यायाम कोई नहीं है। इससे घुटने से संबंधित कई बीमारियों से इससे बचा जा सकता है। पर्यावरण को हराभरा रखने में भी ये काफी लाभकारी होता है। साइकिल रैली करनाल क्लब से होते हुए गीता द्वार, ज्वेल्स चौक, जिला सचिवालय, सैक्टर-12 पेट्रोल पंप, हरियाणा नर्सिंग होम, कमेटी चौक, कुंजपुरा रोड होते हुए 14 किलोमीटर का सफर तय करते हुए करनाल क्लब में संपन्न हुई। रैली को रॉयल साइकिल क्लब के अध्यक्ष राजीव ओहरी ने पूरे रास्ते में एस्कॉर्ट किया। साइकिल रैली प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी अवनीश भारद्वाज और धीरज गुप्ता रहे। जेसीआई करनाल सिटी के प्रधान सुशील बिंदल, वीक कोऑर्डिनेटर नरेश गुप्ता एवं अनूप भारद्वाज ने सभी अतिथियों एवं साइकिल रैली में आए हुए सभी साथियों का स्वागत किया। रैली के अंत में सभी मुख्य अतिथियों को स्मृत्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र भी दिए गए। इस मौके पर जेसी एपीएस चोपडा, सचिव पुनीत बजाज, जतिन सिंगला, विनय गोयल, अंकुर गुप्ता, आशीष गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मोहित सुखीजा, चन्दन गर्ग, मुकेश गर्ग, अनिल गुप्ता, नीरज गुप्ता एवं जेजे विंग के बच्चे मौजूद रहे।

**साइकिलिस्ट**

**⏩ साइकिल चलाने से न तो किसी प्रकार की बीमारी होती है, बल्कि इससे खून भी शुद्ध होता है**

## दो दिन बाद नहर से मिला युवक का शव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पश्चिमी यमुना नहर के कैथल पुल के पास छलांग लगाने वाले युवक का शव दो दिन बाद घोघड़ीपुर-बड़ौता गांव के बीच बरामद हुआ है। महिला ने युवक के शव को पानी में बहता देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया है। मृतक के चचेरे भाई गुरविंद्र ने बताया 8 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे ही समरजीत विकास कॉलोनी से शिव कॉलोनी में उनके घर पर आ गया था। यहां पर करीब 3 से 4 घंटे रहा और उसके बच्चों के साथ खेला। शाम को वह अपनी भाभी से बोलकर गया कि वह बाहर घूमने के लिए जा रहा। थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। इस दौरान वह अपनी गाड़ी भी घर पर ही खड़ी कर गया। रात को जब समरजीत घर पर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई और सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो पता चला कि वह नहर की तरफ गया है। जब वे उसे ढूंढते हुए नहर पर पहुंचे तो किनारे पर समरजीत की चप्पल पड़ी हुई दिखाई दी।

## गांव रसूलपुर खुर्द में अज्ञात चोरों ने घर में लगाई सेंध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिले के** गांव रसूरलपुर खुर्द में अज्ञात चोर छत के रास्ते घुसकर एक घर से बेटी की शादी के लिए रखे गहने चुराकर फरार हो गए। वारदात के वक्त घर पर कोई नहीं था। बेटी कॉलेज से लौटी तो घर में समान बिखरा पड़ा देख उसके होश उड़ गए। उसने परिवार के अन्य लोगों को फोन करके बुलाया। पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। मकान मालिक विनोद ने बताया कि उसने एक-एक पैसा जोडकर अपनी बेटी की शादी के लिए गहने बनाये थे, ताकि वह अपनी बेटी की शादी अच्छी तरह से कर सके, लेकिन चोर सब कुछ चुराकर ले गए। बाहर का ताला लगा हुआ था।



चोर छत के रास्ते सीढि?ों से दाखिल हुए और खिडकी के पास लगे कूलर को हटाकर घर के अंदर घुसे। परिवार के लोगों ने बताया है कि चोरों ने घर का कोना-कोना खंगाला। अलमारी, सन्दूक, बेड व अन्य स्थानों को चेक किया। अलमारी में आभूषण रखे हुए थे, जिनको चोरों ने चुरा लिया। 45 हजार की नकदी भी गायब मिली है। मौके पर मौजूद राम सिंह ने बताया कि मकान मालिक व उसकी पत्नी अलग-अलग फैक्ट्री में काम करते है। दोनों सुबह 9 बजे फैक्ट्री में चले जाते हैं और बेटी भी सुबह कॉलेज में चली जाती है। लडका 11 बजे कॉलेज जाता है। 11 बजे तक लडका घर पर था। लडके के कॉलेज में जाने के बाद चोरी हुई हैं। घर पर कोई नहीं था और लडकी कॉलेज से पौने चार बजे आई थी। घर में चोरी हुई देख लडकी जोर-जोर से रोने लगी तो सबको पता चला। इसके बाद उसने घर वालों को फोन पर जानकारी दी। मकान मालिक ने चोरी की जानकारी डायल 112 को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इआरवी इंचार्ज संजय कुमार ने बताया कि घर मे चोरी की जानकारी मिली थी वे मौके पर पहुंचे है।

## योग मन और शरीर को स्वस्थ रखने की महत्वपूर्ण कला : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में फव्वारा पार्क सेक्टर बारह में सात दिवसीय वजन घटाओ योग शिविर का समापन किया गया। इस शिविर में दिनेश गुलाटी ने शरीर के वजन घटाने के लिए विशेष योग क्रियाएं, आसन आदि करवाए। उन्होंने कहा कि शरीर का वजन कम करने के लिए योग विशेष रूप से मददगार है। योग मन और शरीर को स्वस्थ रखने की महत्वपूर्ण कला है। जो व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त है और वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए योग ने केवल वजन घटाने में सहायता करता है, बल्कि संतुलित शारीरिक और मानसिक



स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि वजन कम करने के लिए योग के साथ एक स्वस्थ और संतुलित आहार लेना और भी लाभकारी है। योग शरीर को टोन करता है और शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को कम करने में विशेष लाभकारी है। योग वजन घटाने में मदद करने और तनाव मुक्त जीवन को बनाए रखने में मदद करता है। योग शरीर की कैलोरी बर्न करने में मदद करता है और मेटाबॉलिज्म को बेहतर करता है। इस वजन घटाओ शिविर में भाग लेने वाले योग साधकों ने अपने अनुभव साझा किए।

## खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व: मेघा भंडारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आज जेसी आई करनाल द्वारा अपने जेसी वीक के दूसरे कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन बैडमिंटन अकादमी नियर साईं मंदिर में किया गया। आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विकास बजाज, सुमित अरोड़ा , कन्वेनर हर्ष, आकाश व गौरव गुप्ता रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद मेघा भंडारी एवं वशिष्ट अतिथि विनोद शर्मा रहे। जेसीआई के प्रधान कमल गुप्ता ने मुख्य अतिथि का तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में 12 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के 100 से अधिक खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मिक्स, डबल व

## बीएसएफ जवान की हुई मौत, दो बच्चों की करनी थी शादी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **करनाल** के सूरज नगर के रहने वाले बीएसएफ जवान आनंद की एकाएक हुई मौत ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। वह 34 साल देश की सेवा कर चुका था और अब रिटायरमेंट लेकर जल्द घर लौटने की तैयारी में था। परिजनों व ग्रामीणों अभी 6 महीने पहले का वह दिन भी नहीं भूले हैं, जब आनंद अपनी बेटी की डोली विदा कर ड्यूटी पर गया था। जवान राजस्थान के बाडमेर में तैनात था। उसका शव गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया।

शनिवार शाम को राजकीय सम्मान के साथ जवान आनंद प्रकाश ;53द्ध निवासी सूरज नगर का अंतिम संस्कार करनाल में ही किया गया। आनंद की परिजन सरला देवी ने बताया कि करीब 34 साल पहले आनंद बीएसएफ में भर्ती हुआ था। अभी 6 माह पहले ही बेटी की शादी करके वापस ड्यूटी पर गया था।

मृतक जवान के बेटे सचिन ने बताया कि हादसे से कुछ दिन पहले ही उनके पिता ने सेना को रिटायरमेंट लेने के लिए पत्र लिखा था। कुछ ही माह में वह रिटायर्ड होकर उनके पास आने वाले थे। हादसे से एक दिन पहले ही पिता से उनकी बात हुई थी। उन्होंने कहा था कि बेटा रिटायरमेंट के लिए विभाग को पत्र उन्होंने भेज दिया। कुछ ही माह में वह रिटायर हो जाएगें। उसके बाद घर पर ही रहकर अपना कोई काम शुरू करेंगे। बेटे सचिन ने बताया कि उनके पिता बीती 16 जुलाई की सुबह गाय को रोटी देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक आवारा सांड ने उनके पिता को टक्कर मार दी, जिससे उनके पिता की गर्दन व रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। आनंद प्रकाश पूरी तरह से पैरालाइज्ड हो गए। पिछले 2 माह से उनका इलाज जोधपुर के अस्पताल में चल रहा था।

सचिन ने बताया कि पिछले दो माह से हम दोनों भाई पिता के पास अस्पताल में ही थे। शुक्रवार को इलाज के दौरान अस्पताल में ही उनके पिता की मौत हो गई। शनिवार शाम को उनके पिता का शव करनाल पहुंचा और यहां पर सेना के अधिकारियों व जवानों की मौजूदगी में सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया।

**दुखद**

**⏩ वह 34 साल देश की सेवा कर चुका था और अब रिटायरमेंट लेकर जल्द घर लौटने की तैयारी में था**

## बदमाशों ने मंदिर सुधार सभा के प्रधान पर किया हमला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कस्बा इंद्री में** आज सुबह 6 बजे मंदिर सुधार सभा के प्रधान पर बाइक सवार बदमाशों ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया और उसकी सोने की चेन झपटकर ले गए। वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर पार्क में घूमने के लिए जा रहे थे। आनंद जिंदल ने बताया कि वह रोजाना की तरह रविवार सुबह पार्क में सैर करने के लिए जा रहे थे। तभी पीछे से बाइक पर 3 से 4 बदमाश आए और उस पर गंडासी से वार कर दिया। उसकी एक बदमाश के साथ काफी देर तक हाथापाई भी हुई। इसके बाद



उसने गंडासी से उस पर हमला किया। उसने गले में 3 तोले सोने की चेन पहनी हुई थी, आरोपियों ने उन्हें झपट लिया। आंनद जिंदल ने बताया कि इस दौरान उनकी पत्नी ने एक आरोपी को काफी देर तक दबोचकर रखा। जब राहगीर वहां आरोपियों को पकडने के लिए पहुंचे तो सभी आरोपी अपने हथियार और बाइक को मौके पर छोडकर फरार हो गए। जिस बाइक पर बदमाश आए थे, उस बाइक पर पुलिस का स्टिकर भी लगा हुआ था। कविता जिंदल ने बताया कि आरोपियों के भागने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों के हथियार और बाइक को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस उसे और उसके पति को इंद्री के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

## अहंकार में डूबी भाजपा सरकार ने हर वर्ग के मान-सम्मान को पहुंचाई ठेस: सुमिता

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने जनसंपर्क दौरे के दौरान न्यू बहादुरचंद कॉलोनी में नीलम मल्होत्रा द्वारा अयोजित नुक्कड सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार सिर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। शराब, रजिस्ट्री, भर्ती, सीईटी, अमृत योजना, सफाई ठेकों समेत अनगिनत घोटालों के बाद अब आयुष्मान योजना का घोटाला सामने आया है। इस घोटाले का खुलासा खुद कैग की रिपोर्ट में हुआ है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया है कि हरियाणा में इस योजना के तहत मृत लोगों का इलाज किया गया। अब सरकार का कहना है कि 3 लाख प्रतिवर्ष से कम आय वाले 38 लाख परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। हरियाणा में कुल 55 लाख



परिवार हैं। यानी उनमें से 70 प्रतिशत परिवार की आय 3 लाख सालाना से कम है। इसका मतलब हुआ कि प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी की प्रति व्यक्ति आय 60 हजार से भी कम है। यानी 2014 से पहले पूरे देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में नंबर रहे हरियाणा को बीजेपी ने बीमार राज्यों की कगार पर पहुंचा दिया है। सुमिता सिंह ने बताया कि आज 10 सितम्बर को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। जन मिलन कार्यक्रम का आयोजन एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड में किया जाएगा। जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 4459 बेरोजगारी व सीईटी पर्चे में धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई करने बारे, परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों व क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रोपर्टी आईडी की धांधली, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल में नुकसान, बाढ़ का मुआवजा, सहकारी श्रण व खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा की धांधलियों और शामलात व जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम पर धांधली है। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी भाजपा सरकार ने हर वर्ग के मान सम्मान को ठेस पहुंचाई है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो।

सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। जनता कांग्रेस के शासनकाल को याद कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हर वर्ग दुखी है और किसान, मजदूर, व्यापारी,कर्मचारी, युवा सहित हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सडकों पर उतरा हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### मुठभेड के दौरान गोकशी में वांछित पुलिस की गोली से घायल, गिरफ्तार, साथी हुआ फरार

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
अशोक विहार चौकी क्षेत्र में निठौरा अन्डरपास पर चेकिंग के दौरान लोनी पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें दोनों तरफ से गोलियां चलीं। पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल बदमाश गोकश के अलावा शातिर किस्म का अपराधी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने रविवार को बताया कि लोनी पुलिस अशोक विहार चौकी क्षेत्र में निथौरा अंडरपास के पास के अंदर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नीले रंग की बिना नंबर की एक स्कूटी पर दो युवक संदेश अवस्था में आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर वे रुके नहीं बल्कि पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर जाकर घेर लिया। घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश मुस्तफाबाद दिल्ली निवासी मंजूर हसन उर्फ फिक्के घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपाध्याय ने बताया कि मंजूर हसन शातिर किस्म का अपराधी है। लूट चोरी डकैती जैसे आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है। वजीराबाद से गोकशी के मामले में वह वांछित चल रहा था। उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। जबकि उसका साथी फरार हो गया है।

### स्कूल के बाहर छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
मीरगंज थाना अंतर्गत कंचन बालिका इण्टर कालेज बंधवा बाजार के गेट पर हाईस्कूल एक छात्र की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बच्चे के बीमार होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से आहत परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर शाम 06 बजे से ही बंधवा बाजार में सडक जाम कर दिया। देर रात तक काफी प्रयास के बाद पुलिस के कार्रवाई करने के आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

सेमरहो गांव निवासी हीरा लाल सरोज का पुत्र आयुष सरोज 16 वर्ष कंचन बालिका इण्टर कालेज बंधवा बाजार में हाईस्कूल में पढता है। शनिवार शाम स्कूल बंद होने पर वह साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह स्कूल के गेट पर पहुंचा तभी वह गिर गया। इस पर स्कूल प्रशासन ने परिवार के लोगों को सूचना दी। मौके पर परिवार के लोग पहुंच कर छात्र को इलाज के लिए सीएचसी मछलीशहर ले गये। जहां चिकित्सक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

इससे नाराज परिजन ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि छात्र बुखार से पीड़ित था। स्कूल प्रसासन से छुट्टी मांगा था लेकिन उसे छुट्टी न देकर स्कूल में खडा कर दिया गया। छुट्टी होने पर उसकी तबियत बिगड गयी। गिरने से उसकी मौत हो गयी। नाराज लोगों ने शाम को बंधवा बाजार तिराहा पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। इससे मछलीशहर जंघई मार्ग व बंधवा बाजार-जमालापुर मार्ग पर जाम लग गया। चक्का जाम करने वाले पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी किया। मामला गंभीर होते देख अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर बुला ली गई।

रविवार को घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने बताया कि मीरगंज थाना अन्तर्गत कंचन बालिका विद्यालय बंधवा बाजार के छात्र आयुष कुमार सरोज स्कूल से आते समय एक तखत पर लेटा हुआ मिला। आयुष के पिता द्वारा सूचना मिलने पर आयुष को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टर द्वारा आयुष को मृत घोषित कर दिया गया। आयुष के पिता द्वारा स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाध्यापक पर धूप में खड़ा करने से उसकी मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में तहरीर मीरगंज थाने पर दी गयी है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में आरोपित के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिय भेज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल 26 सितम्बर से

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से 28 सितम्बर के बीच होनी है। क्रीड़ा संकुल राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा मीरजापुर में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए जिला और मंडल स्तर पर भी टीमों के गठन का सिलसिला शुरू हो गया है।

लखनऊ में इसके लिए जिला स्तरीय टीम का चयन 16 सितम्बर को होगा। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय ने बताया कि 16 को अपराह्न तीन बजे से के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में जिला स्तरीय टीम चयन के लिए प्रतियोगिता होगी।

# उप्र के परिषदीय स्कूलों में सोमवार से आयोजित होगी निपुण आंकलन परीक्षा

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार सोमवार से निपुण आंकलन परीक्षा (एनएटी) का आयोजन करने जा रही है। 11 से 16 सितम्बर तक चलने वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 06 से 08 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आंकलन किया जाएगा।

खास बात यह है कि परीक्षा ह्यसरल एपह्न के माध्यम से ली जाएगी और पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देंगे। निपुण एसेसमेंट टेस्ट (एनएटी) का पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन कराने के लिए सभी जनपदों के बीएसए व डायट प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही शिक्षकों द्वारा सामुदायिक सहभागिता, होम विजिट के माध्यम से छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा गया है।




**उपलब्ध कराया जाएगा रिपोर्ट कार्ड**

एक ओएमआर शीट द्वारा एक छात्र का डाटा शिक्षक द्वारा आंकलन पूर्ण होने के बाद सरल एप के जरिए स्कैन किया जाएगा। ओएमआर शीट को केवल ब्लैक बॉल पेन से ही भरा जाएगा। इसके लिए कक्षा 04 से 08 के बच्चों को कम्पोजिट ग्राण्ट से अधिकतम 05 रुपये प्रति पेन क्रय करते हुए बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा।

परीक्षा के बाद प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन के बाद सभी बच्चों को उनके रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

**फ्लाइंग स्क्वाड और कंट्रोल रूम करेंगे मॉनिटरिंग**

नकलविहीन व पारदर्शी आकलन के लिए विकास खण्डवार फ्लाइंग स्क्वाड का गठन एवं क्रॉस इनविजिलेशन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों (बेसिक शिक्षा एवं अन्य विभाग) को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया है। जिला परियोजना कार्यालयों में परीक्षा से सम्बंधित कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। परीक्षा को लेकर जारी किए गए निर्देश - परीक्षा का समय अधिकतम 1 घंटा 30 मिनट का होगा। परीक्षा के बाद शिक्षकों द्वारा 01 घंटे के अंदर स्कैनिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## एक सीट जीतकर गुब्बारे की तरह फूले अखिलेश की जनता निकालेगी हवा: डिप्टी सीएम

**बहराइच/टीम एक्शन इंडिया**
एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि एक सीट जीतने के बाद वह जिस तरह गुब्बारे की तरह फूले हुए हैं, अगले ही चुनाव में जनता उनकी हवा निकाल देगी।

केशव प्रसाद मौर्य रविवार को बहराइच पहुंचे। वह पहले पार्टी कार्यालय पर गए। उसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकताओं हुं। मैं जिस जिले में जाता हूं, वहां पहले भाजपा कार्यालय पर जाता हूं। मैं उपमुख्यमंत्री बाद में हूं, पहले भाजपा का सिपाही हूं। इसलिए हमारे और कार्यकर्ताओं में कोई अंतर नहीं है। यह मै उनको भरोसा दिलाने आता हूं।

पत्रकारों से रूबरू केशव ने घोसी उपचुनाव में मिली हार को स्वीकारते हुए साफ तौर पर कहा कि घोसी का उपचुनाव हम अति आत्मविश्वास की वजह से हारे हैं उसकी समीक्षा करेंगे।

केशव मौर्य ने सपा पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि मऊ लोकसभा चुनाव हम जरूर जीतेंगे।


तंज कसते हुए यह भी कहा कि अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रहते हुए चुनाव हार गए। 2022 हार गए। अगला भी चुनाव बुरी तरह हारेंगे।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी का फेसबुक अकाउंट हैक

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
महराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी का फेसबुक अकाउंट हैक हो चुका है। इस मामले की शिकायत सपा विधायक की पत्नी नसीम ने रविवार को पुलिस उपायुक्त क्राइम को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इतना ही नहीं, साइबर सेल के माध्यम से विधायक का फेसबुक पेज अकाउंट पुनः चालू करने की मांग की है।

महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी जाजमऊ में प्लॉट पर कब्जे को लेकर आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा, गैंगस्टर एक्ट व अन्य कई मुकदमों में बीते लगभग 10 माह से जेल में बंद हैं।

विधायक के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने रविवार को बताया कि इरफान की पत्नी नसीम ने पुलिस उपायुक्त क्राइम मनीष चन्द्र सोनकर को एक शिकायती पत्र दिया है, जिसमें कहा गया है कि जेल में बंद उनके



पति इरफान सोलंकी का फेसबुक अकाउंट किसी ने हैक कर लिया है। इतना ही नहीं, उनके अकाउंट से अवांछनीय गतिविधियां पोस्ट की जा रही हैं। उन्होंने मामले की जांच करने एवं दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और साइबर सेल के माध्यम से विधायक का फेसबुक पेज अकाउंट फिर से चालू करने की मांग की है।

पुलिस आयुक्त आर.के.स्वर्णकार कहना है कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है। पता करवाते हैं। जो भी होगा, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नाले में उतराता मिला किशोर का शव,हड़कम्प

**झांसी/टीम एक्शन इंडिया**
थाना व कस्बा समथर के मोहल्ला अंबेडकर नगर स्थित नाले में 14 वर्षीय किशोर का शव उतराता मिला। इसकी सूचना पर हड़कम्प मच गया। किशोर किन परिस्थितियों का शिकार हुआ, फिलहाल रहस्य बना हुआ है। बताया जा रहा है कि किशोर बीते रोज एक युवक के साथ काम करने के लिए गया था। रविवार को समथर कस्बे के लोग जब पंडोखर मोंठ मार्ग से आ जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि कब्रिस्तान के नाले में एक शव उतरा रहा था। जिसकी चर्चा आग की तरह मोहल्ले में फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाल कर शिनाख्त कराई। मृतक की शिनाख्त सत्यदेव उर्फ सुन्नी (उम्र 14 वर्ष) निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर समथर के रूप में हुई।

## कुशल प्रशासक थे भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत : प्रियंका सिंह

**हरदोई/टीम एक्शन इंडिया**
भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त की जयन्ती पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने पन्त जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत सरकार में गृह मंत्री के रूप में देश की छवि उभारने में एक कुशल प्रशासक के रूप में काम किया और सभी को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को आम जनमानस के सभी काम बिना भेदभाव के




समय पर पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, नाजिर मो. रईस खान, सुनील शर्मा तथा कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों आदि ने भी पन्त जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया।

# पिछड़ा वर्ग की गरीब बेटियों की शादी के लिए सरकार दे रही अनुदान

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उप्र की योगी सरकार पहले आओ ,पहले पाओ के तर्ज पर अन्य पिछड़ा वर्ग की गरीब बेटियों की शादी के लिए बीस हजार रुपए शादी अनुदान दे रही है। लेकिन इस योजना तहत अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को नहीं शामिल किया गया है। लाभ पाने के लिए दन उप्र शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी रविवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कानपुर नगर कोमिल द्विवेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ पाने के लिए उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। इसके साथ ही 18 वर्ष से 21 वर्ष या




उससे अधिक होना अनिवार्य है। योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन शादी के 90 दिन पूर्व अथवा 90 दिन बाद तक किया जा सकता है। लेकिन इसकी गणना वित्तीय वर्ष अर्थात एक अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक आवेदन को अंतिम रूप से सबमिट करने से पूर्व कोई भी प्रविष्टि में सुधार कर सकता है लेकिन फाइनल और सबमिट होने के बाद सुधार की कोई संभावना नहीं है। इस योजना का लाभ एक परिवार से अधिकतम दो बेटियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। तीसरी बेटी की शादी के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित जानकारी विकास भवन के पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

जाने शादी अनुदान के लिए कहा करें आवेदन

कोमिल द्विवेदी ने बताया कि उप्र सरकार के शादी अनुदान पोर्टल पर जाकर बेबसाइड ँ३३स्र्ँ्लि४ल्लि.४स्र२ूँ.ङ्मि५.ल्ल में आनलाइन पंजीकरण करने के लिए आवेदक अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। इसके साथ ही शादी अनुदान पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2023–24 से आवेदक तथा पुत्री जिसकी शादी अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है दोनों का आधार आधारित ई–के.वाई.सी.सुनिश्चित किया जाना है। अतः आधार से लिंक मोबाइल नम्बर साथ होना अनिवार्य है।आवेदन कर्ता को शादी का प्रमाण पत्र अथवा शादी का कार्ड जो पठनीय हो और बैंक की पासबुक, प्रथम पृष्ठ जिसमें आवेदक खाताधारक व बैंक का नाम एवं खाता संख्या और आई.एफ.एस.कोड का विवरण अंकित होना अनिवार्य है।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, दो तमंचा व खोखा बरामद

**सोनभद्र/टीम एक्शन इंडिया**
चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनिया जंगल में पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह चोरपनिया के जंगल से एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर 20गोवंश बरामद किया गया था। गिरफ्तारी के समय सात पशु तस्कर मौके से फरार हो गये थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए चोपन थाना, हाथीनाला थाना व स्पेशल टीम को लगाया गया था। रात्रि 11बजे पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर जवारीडाड़ व पाल ढाबा के बीच में चोरपनिया के जंगल में रुके हुए हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो पशु तस्करों ने दो फायर कर दिया। मजबूरन पुलिस टीम ने भी जवाबी फायर किया जिससे दो तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 315 बोर, तीन मोबाइल फोन, नगद 5120 रुपये और एक बोलेरो वाहन बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार तीनों तस्कर युनूस अंसारी, शरीफ अंसारी और मिथुन कुमार झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

गिरफ्तार युनूस अंसारी व शरीफ अंसारी पर पूर्व में झारखंड राज्य व सोनभद्र में पांच-पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## कानपुर में भाई को कुल्हाड़ी से काटकर गंगा में फेंका, तलाश जारी

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
बिल्हौर थाना क्षेत्र के नानामऊ गांव में एक भाई ने नशे की हालत में अपने भाई को कुल्हाड़ी से काटकर गंगा में फेंक दिया। रविवार सुबह सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गंगा में युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों कहना है कि जब तक युवक मिल नहीं जाता है, तब तक वैधानिक तरह से हत्या नहीं कह सकते हैं। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर इन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने अपने भाई को कुल्हाड़ी से काटकर गंगा में फेंक दिया है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस मामले के आरोपित जो नशे की हालत में है, को पुलिस टीम हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसकी हत्या की बात की जा रही है, उसका नाम कल्लू बताया जा रहा है।

## अग्रवाल महिला सभा का दस्ता अयोध्या रवाना

**चलो अयोध्या चले**

▶▶ सभी महिलाएं रामलला मंदिर में जाकर श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करेंगी।

**बहराइच/टीम एक्शन इंडिया**
अग्रवाल महिला सभा को ओर से आयोजित चलो अयोध्या चले कार्यक्रम का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। अयोध्या रवाना हुए इस जत्थे में 70 महिलाएं शामिल हुईं। अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष ज्योति बन्सल ने बताया



कि हम लोग संस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य और नृत्य था डांडिया वगैरह तो अक्सर करते रहते हैं लेकिन इस बार जब मैं अध्यक्ष चुनी गई तो मेरे मन मे था कि कुछ अलग किया जाए। इसी सोंच के मद्देनजर हमने पदाधिकारीयों के बीच अयोध्या दर्शन की बात रखी। जिससे सभी काफी खुश हो गई, क्योंकि महिलाओं घर बाहर जाने के अवसर कम मिलते है इसलिए हम महिलाओं को अयोध्या ले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक महत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, क्योंकि वहाँ पर भगवान राम के अवतार के स्थल पर जाने का अवसर है। सभी महिलाएं रामलला मंदिर में जाकर श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करेंगी।कनक भवन और हनुमान गढ़ी भी उनकी यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां वह ध्यान और भक्ति का अवसर मिलेगा। यह सामाजिक घटना न केवल धार्मिक महत्व की है, बल्कि महिलाओं के सामाजिक साक्षरता और साहस की भी दिखाई देती है।

# यीडा के अपैरल पार्क में भूखंडों के लिए उद्यमियों में लगी होड़

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में क्लस्टर के रूप में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की शुरूआत की है। इसी क्रम में योगी सरकार यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) में अपैरल पार्क क्लस्टर की स्थापना कर रही है।

यह यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण द्वारा स्थापित पहला औद्योगिक कलस्टर है। इस क्लस्टर में अपने उद्योग लगाने को लेकर उद्यमियों में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। उसका उदाहरण यह है कि भूखंड आवंटित होने के बावजूद अभी भी 70 से अधिक औद्योगिक इकाइयों ने यमुना

**हिस्सेदारी**

▶▶ वर्तमान में कार्गो के अंदर सबसे अधिक हिस्सेदारी करीब 37% वस्त्र उद्योग की है।

एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण में टेक्सटाइल क्लस्टर के भूखंडों की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 29 में इस अपैरल पार्क क्लस्टर की स्थापना की गई है। इसका कुल क्षेत्रफल 175 एकड़ है। इसमें कुल 89 भूखंड हैं। इनमें से 81 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। 64 भूखंडों का लीज प्लान तथा चेक लिस्ट इश्यू की जा चुकी है। इनमें से 39 भूखंडों पर भौतिक कब्जा पत्र भी आवंटियों को वितरित किया जा चुका है। इस अपैरल पार्क के कारण ही गौतमबुद्धनगर को सिटी ऑफ अपैरल के नाम से जाना जाता है।

**दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा अपैरल पार्क**

प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्र के अंदर कन्वेन्शन सेंटर, एग्जिबिशन सेंटर वा डेडिकेटेड कार्गो की स्थापना की जाएगी। जेवर में निमार्णाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में डेडिकेटेड कार्गो विकसित किया जाएगा। वर्तमान में कार्गो के अंदर सबसे अधिक हिस्सेदारी करीब 37% वस्त्र उद्योग की है। जेवर से कार्गो दिल्ली से भी सस्ता पड़ेगा क्योंकि यहां पर फ्यूल पर केवल 1% का वैट सरकार द्वारा लगाया जा रहा है।प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार प्राधिकरण के इस अपैरल पार्क को बल्लभगढ़ के पास से दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़े जाने पर एनएचएआई द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र में रैपिड रेल एनसीआरटीसी की स्टडी भी प्रारम्भ करा दी गई है। इस क्षेत्र में देश का पहला और विश्व का छठा पॉड टैक्सी सिस्टम बनाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय निविदा भी जारी की है। साथ ही पीआरटी सिस्टम की प्री बिड बैठक में विश्व की सभी सर्वश्रेष्ठ कंपनियों ने प्रतिभाग किया।स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए निशुल्क मिलेगी भूमि प्राधिकरण द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों पर दी जा रही 1.5 एफएआर को बढ़ाकर 2.0 करने का फैसला लिया गया है। इसपर शासन स्तर से जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। साथ ही औद्योगिक भूखंडों में ग्राउंड कवरेज को बढ़ाकर 60% करने का भी निर्णय लिया गया है। सीईओ द्वारा प्रदेश के अंदर और बाहर के उद्योगपतियों से निवेदन किया गया है कि अपने उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करें।

## प्रेमी के लिए महिला ने की पति की हत्या

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
ड्राइवर के प्यार में पागल एक महिला ने अपने ही पति की हत्या कर दी। शव को घर से काफी दूर सड़क गर पानी से भरे गहरे गड्ढे में फेंका था। शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने रविवार को इस घटना का खुलासा करते हुए आरोपित महिला और उसके प्रेमी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

जिले के कुरारा कस्बे के वार्ड-9 में रहने वाले कामता प्रसाद अनुरागी (36) का शव कस्बे के बेरी रोड में एक गहरे गड्ढे में पुलिस को मिला था। बहन रानी ने इस मामले में भाभी अंजू और उसके प्रेमी के खिलाफ तहरीर देते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने घटनास्थल के



आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर पड़ोसियों से पूछताछ की।

इसके बाद रविवार को पुलिस ने अंजू और उसके प्रेमी शंकरपुर गांव निवासी वीरेन्द्र कोरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की। अंजू ने बताया कि उसकी शादी को 13 साल बीत चुके हैं। उनके 11 साल का पुत्र और तीन पुत्री है। परिजनों ने बताया कि वीरेन्द्र दूर का रिश्तेदार है। वह पिछले आठ माह से कामता के घर पर रह रहा था। कामता ने दो माह पहले ट्रैक्टर लिया था। ट्रैक्टर वीरेन्द्र चलाता था।

# आईएमटी लगवाकर रहेंगे: विनोद शर्मा

## नगर निगम की मेयर व पार्षदों द्वारा 700 खाली पदों को भरने के लिए एजेंडा सरकार को भेजा, सत्ता में बैठे लोग रोकने का कर रहे हैं काम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा जनचेतना पार्टी (वी) के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि आईएमटी लगाने का कोई कितना भी विरोध कर ले, वह आईएमटी लगवाकर रहेंगे, क्योंकि आईएमटी अंबाला के युवाओं की जीवन रेखा है। शर्मा ने कहा कि विरोधी पूछते हैं कि आईएमटी कैसे लगेगा, शर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि जैसे रोहतक में लगा था, वैसे ही लगेगा। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग हवा में आईएमटी लगवाने की बात करते हैं, लेकिन हम जमीन पर आईएमटी लगाकर दिखाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अंबाला शहर के सेक्टर-10 वेलफेयर एसोसिशन के चुनाव में कमल सिंगला व उनकी टीम को मिली एक तरफा शानदार जीत पर बधाई देने पहुंचे। शर्मा ने कहा कि कमल सिंगला व उनकी टीम ने लोगों के वेलफेयर के लिए काम किया और ये ही कारण है कि लोगों ने जबरदस्त तरीके से वोट देकर उन्हें जीत दिलाई। इसके लिए सेक्टर-10 के निवासी



बधाई के पात्र हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अपने खास अंदाज में विधायक पर वार करते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें अंबाला शहर के विकास की जिम्मेदारी दी है, लेकिन वह काम करने की बजाए, दूसरों पर ठीकरा फोड़ते रहते हैं। वह नारियल फोड़कर सफाई कार्य की शुरूआत करते हैं, लेकिन कुछ मिनटों की बरसात के बाद शहर डूब जाता है। जिसपर वह कोई जवाब नहीं देते व अपनी विफलता पर दूसरों को दोषी ठहराते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि 2 हजार नौकरियों का वायदा किया था, वह दिलाई जाएगी। अभी सत्ता में बैठे लोग नौकरियां लगवाने से रोक रहे हैं और जब यह रोकने के काबिल नहीं रहेंगे, तब युवाओं को नौकरियां मिल जाएंगी। शर्मा ने कहा कि हमने नगर निगम में 700 से ऊपर खाली पदों को भरने

**ठान ली**

⏩ कुछ ऐसे कामों की अनदेखी की जा रही है, जिसको करवाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हल्की सी बरसात के बाद अंबाला में पानी पानी हो जाता है

के लिए मेयर व पार्षदों से रेजुलेशन डलवाकर सरकार को भेज दिया है और जो कर्मचारी कच्चे लगे हैं, उन्हें भी तुरंत प्रभाव से पक्का करें, ताकि उनका शोषण न हो। शर्मा ने कहा कि नगर निगम तो केवल एजेंडा पास करके सरकार को भेज सकता है। विधायक पर टिप्पणी करते हुए विनोद शर्मा ने कहा कि वह सरकार का हिस्सा है और नगर निगम द्वारा भेजे गए एजेंडे को लागू करवा सकते हैं, लेकिन यह उल्टा रोकने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि अभी तो यह रोक रहे हैं, जब यह रोकने के लायक नहीं रहेंगे, तब युवाओं को जरूर यह नौकरियां मिलेंगी।

अंबाला के लोग आपको याद कर रहे हैं इस सवाल पर मौजूदा सत्तापक्ष के नेता पर टिप्पणी करते हुए विनोद शर्मा ने कहा कि जब आपको कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो उस जिम्मेदारी से भागने की बजाए, उसे निभाना चाहिए। शहर के लोगों को कई तरह की दिक्कते हैं, शर्मा ने टिप्पणी करते हुए कहा कि लोगों ने विधायक चुनकर भेजा है और अब उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह लोगों की समस्याओं का हल करें।

अंबाला में रुके विकास कार्यों को लेकर शर्मा ने कहा कि जो भी काम चल रहे हैं, उनको पूरा करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो काम शुरू किए और पूरे नहीं किए, परेशानी तो अंबाला के लोग झेल रहे हैं। अंबाला में बरसात के बाद हुए जलभराव को लेकर विनोद शर्मा ने कहा कि कुछ ऐसे कामों की अनदेखी की जा रही है, जिसको करवाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हल्की सी बरसात के बाद अंबाला शहर में पानी पानी हो जाता है।

## 'सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन** आजादी अमृत काल में गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2023 है। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड.र्जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अनन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में सम्मान की हकदार हैं। डीसी ने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

## राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने देवस्थान से निकाली प्रभात फेरी

### ठाकुर जी की आरती हुई व प्रसाद वितरित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन द्वारा 34वी साप्ताहिक प्रभात फेरी का आयोजन टाटा टावर के पास मौहल्ला देवस्थान नारनौल से किया गया। जिसमे आज की प्रभात फेरी के यजमान महेश डाबड़ा थे।

प्रभात फेरी मुख्य यजमान के घर से प्रारंभ होकर बावड़ीपुर, बनवारी पार्षद के मकान से नीचे,पीरआगा शिवालय से गुरुद्वारा, शिवालय चौधरियान मौहल्ला से परिक्रमा देते हुए यजमान के निवास स्थान पर ही समापन हुई। श्री राधा संकीर्तन रथ के साथ अनेक वाद्य यंत्र बजाते हुए परिक्रमा मार्ग में अनेकों स्थान पर



ठाकुर जी की आरती हुई व प्रसाद वितरित किया गया। यजमान ने बताया कि राधा नाम को अपने आप में एक मंत्र बताया गया है ऐसे में जिस भी कामना के साथ इस नाम को जपा जाए वह पूरी होती है। राधे-राधे बोलने वाले व्यक्ति की हर बाधा दूर होती है और उसका भविष्य उज्जवल बनता है। राधा नाम जपने से हम प्रेम और भक्ति की अद्वैत अनुभूति कर सकते हैं। यह जप हमें एक मात्र प्रेमी की भावना के साथ राधा और कृष्ण के बीच के प्रेम का अनुभव कराता है। इससे हमारा मन भक्ति और प्रेम से पूर्ण होता है और हम दूसरों के प्रति प्रेम और करुणा की भावना विकसित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### डा. कर्ण सिंह कादियान और सुरेंद्र कादियान ने अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

हल्का पानीपत ग्रामीण के गाँव रजापुर में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत डा. कर्ण सिंह कादियान पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी पानीपत और सुरेंद्र कादियान ने अभियान चलाया। यहां पहुंचने पर डा.कर्ण कादियान व सुरेद्र कादियान का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यहां पर बोलते हुए डा.कर्ण सिंह कादियान ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर हिमाचल और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी, बुढ़ापा पेंशन 6000 दी जाएगी। जिन लोगों की पेंशन भाजपा सरकार ने काटी है उनको दुबारा जोड़ा जाएगा, 3 सौ यूनिट तक बिजली का बिल माफ किया जाएगा, गैस सिलेंडर पाँच सौ रुपये में दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की लहर चल रही है आने वाली सरकार कांग्रेस पार्टी की होगी। हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदय भान, सांसद चौ. दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में मजबूत हो रही है। इस अवसर पर करनैल सिंह एडवोकेट, जसमेर मान, धर्म सिंह रावल, अंकित सिंह, राजेंद्र सिंह, श्याम लाल, गुलशन व विनोद आदि मौजूद रहे।

### भाकियू की मासिक बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर समाधान की मांग की



**गन्नौर।** भारतीय किसान की मासिक बैठक जाट धर्मशाला में ब्लाक अध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए। किसानों ने गन्नौर अनाज मंडी में किसानों का रेस्ट हाऊस सीजन में किसानों के लिए खाली कराने, अगवानपुर रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कराने व तब तक उसके नीचे डली मिट्टी की सफाई कराने की मांग की ताकि वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके अलावा बली कुतुबपुर में तालाब की सफाई के लिए पैसे मंजूर होने के बाद सफाई भी हुई लेकिन तालाब में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है इसलिए गंदे पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम किया जाए। लल्हेड़ी गांव के तालाब के लिए बीडीपीओ कार्यालय को ओवरफ्लो होने की कई बार शिकायत दे चुके हैं लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उसकी सुनवाई करके समाधान करवाया जाए। लड़सोली रेस्ट हाउस से धतूरी तक रोड की हालत खस्ता है, जिसमें दो फीट तक के गड्ढे बने हुए हैं उसे ठीक करवाया जाए। इस मौके पर बलजीत मलिक, शमशेर सिंह भैया सत्यवान नरवाल,राजेन्द्र सरोहा, बलबीर, करण सिंह, जयभगवान मलिक, रणधीर सिंह, कृष्ण, रमेश पुगथला, ओमप्रकाश पुगथला आदि मौजूद थे।

### सैटरिंग की प्लेट चोरी करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर:** थाना गन्नौर पुलिस ने बजाना खुर्द पानी की डिग्गी से सैटरिंग की प्लेट चोरी करने की घटना मे संलिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरमान उर्फ विक्की गांव पुगथला, हरिओम व संदीप गांव गढी ब्राह्मणान सोनीपत व शाजिद गांव माच्छरी हाल मयूर विहार सोनीपत के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया जनस्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार अजय हुड्डा ने शिकायत दी थी कि 8 सितंबर को चोर गांव बजाना खुर्द में पानी की डिग्गी में रखी 50 सैटरिंग की प्लेट चोरी हो गई हैं।

## उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित: कविता रानी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान निराश्रित महिलाओं या बच्चों के उत्थान, वीरता संबंधी कार्य, महिला वक्ता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला वीरता पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार,



जीवनदान दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टाइम अचीवर अवार्ड और सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार दिए जाने हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कविता रानी ने बताया कि यह पुरस्कार भारतीय महिलाओं को अधिक से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पुरस्कारों से आम लोगों का महिलाओं के प्रति नजरिया बदलता है और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है जिन्होंने निराश्रित महिलाओं या बच्चों, विधवाओं या अत्याचार से पीड़ित महिलाओं आदि की मदद की हो।

## चुलकाना धाम विश्व प्रसिद्ध में प्रतिदिन दर्शन करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**

चुलकाना धाम विश्व प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा मंदिर में प्रतिदिन दर्शन करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन श्री श्याम कुंड की सजावट का कार्य चला हुआ। वहीं मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन पीपल के वृक्ष पर मन्नत का धागा बांधते हुए भक्तों के लिए दिनभर मंदिर परिसर में पानी की सेवा चलती रही। वहीं गेट नंबर एक पर भक्तों के लिए विशाल शैड बनकर तैयार हो गया है। वहीं मंदिर परिसर में बंदरों ने आतंक मचाया हुआ था उनको भगाने के लिए लंगूर का जोड़ा



मंदिर में छोड़ा गया। लंगूर बंदरो ने 300 देशी बंदरों को मंदिर से बगा दिया। वहीं आज सिटी मेजिस्ट्रेट ने परिवार सहित श्री श्यामजी महाराज के दर्शन किए। इसके अलावा भाजपा नेता शशिकांत कौशिक के साथ डॉ. सतबीर कादियान ने विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ श्री श्याम बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल, पार्षद सुन्दर छौक्कर, रब्बू छौक्कर, रवि, रॉकी, अजीत, अमित, अंकित रोहिल्ला, पोखर, सागर, विशू, भूषण नंबरदार, संदीप, सोनू शर्मा, टार्जन व मोनू आदि मौजूद रहे।

## सैंकड़ों की संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**पहोवा:** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को पिहोवा के गांव सारसा में जनसभा और ज्वाइनिंग कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष गहल सिंह संधू ने किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में आस्था दिखाई। इससे पूर्व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनुराग ढांडा को लड्डूओं से तोला गया। अनुराग ढांडा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी का कोई जनाधार नहीं बचा है।

## श्री राधा कृष्ण गौशाला व चिकित्सालय ने स्वास्थ्य जांच कैंप का किया आयोजन

**कैंप का लाभ**

⏩ गांव के लोगों में कैंप को लेकर भारी उत्साह था। आगे भी इस तरह से कैंप लगते रहेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

बबैल गांव में श्री राधा कृष्ण गौशाला व चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य जाँच कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन संजीव जैन के नेतृव में किया गया। जिसमें डा.महावीर गुप्ता, डा.प्रीति,



डा.परविंदर,डा.महिमा,डा.सुप्रीति ने लगभग 250 मरीजों की जाँच की। कैंप में मरीजों को फ्री दवाईयां भी दी गई। गांव के लोगों में कैंप को लेकर भारी उत्साह था। वहीं संजीव जैन ने बताया की आगे भी इस तरह से कैंप लगते रहेंगे। इस मौके पर जितेंद्र अहलावत,संजीव जैन,राजीव जैन, वीरेंद्र शर्मा, पुनीत जैन, दिनेश खुराना,सुरभी शर्मा, अनिल जैन, मनोज जैन,शोभा, किरन व चतर सिंह आदि मौजूद रहे।

## आर्य वीर दल की ओर से हुई भाषण प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में राष्ट्रभाषा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आर्य वीर दल की ओर से भाषण प्रतियोगिता हुई। इसकी अध्यक्षता स्कूल की प्रधाना सुमित्रा आर्या ने की विशिष्ट अतिथि प्राचार्य स्वीटी छिक्कारा रही मुख्य अतिथि समाज सेवी देवेंद्र दत्ता रहे। शुभारंभ वंदे मातरम से हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हो गया मुख्य अतिथि देवेंद्र दत्ता ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा ही नहीं व्यापार की सबसे बड़ी भाषा भी है, और हिंदी के प्रचार प्रसार को बढ़ाकर ही देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाया



जा सकता है इसलिए छात्रों को हिंदी को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद महाकवि भारतेंदु हरिश्चंद्र महादेवी वर्मा जयशंकर प्रसाद आचार्य रामचंद्र शुक्ल और स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने भी हिंदी को बढ़ावा देने में पूर्ण सहयोग दिया।

इस प्रतियोगिता में आर्य बाल भारती विद्यालय पानीपत की सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, और आर्य बाल भारती विद्यालय पानीपत की ही दीक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आर्य कन्या स्कूल की समृद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, समारोह को आर्य वीर दल के कोषाध्यक्ष अशोक आर्य तीरथ मुटनेजा राजेश आर्य अशोक वर्मा आदि ने भी संबोधित किया ।

**प्रतियोगिता**

⏩ जयशंकर प्रसाद आचार्य रामचंद्र शुक्ल और स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने भी हिंदी को बढ़ावा देने में सहयोग दिया

## पराली मे आग न लगाने वाले किसानों को सरकार देगी प्रोत्साहन राशि

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदूषण की समस्या पर अंकुश लगाने व जिला में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। धान की कटाई के बाद पराली में आग लगाने के कई नुकसान है। आग लगाने से मिट्टी की जैविक शक्ति भी प्रभावित होती है व मिट्टी में मौजूद कई उपयोगी मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं । पराली को जलाने की बजाय इसको सुपर सीडर/ हैप्पी सीडर की मदद से मिट्टी मे मिलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाए या स्ट्रॉ बेलर द्वारा पराली की गांठे बनवा कर पराली प्रबंधन करके किसान आग लगाने की मुसीबत से छुटकारा पा सकता है। अवशेषों मे आग लगाने से कृषि भूमि के साथ साथ पर्यावरण को भी नुकसान होता है। सहायक कृषि अभियंता सुभाष चन्द्र ने बताया की आगजनी की घटनाओं को कम करने और पराली के अवशेषो को मिट्टी मे मिलाने के साथ-साथ गेहूं की बुआई के लिए विभाग द्वारा सुपर सीडर पिछले दो वर्षो से किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करवाये गए हैं व हैप्पी सीडर, स्ट्रॉ बेलर, हे-रेक, जीरो ड्रिल आदि कृषि यंत्रो पर पिछले चार वर्षो से किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करवाये गए हैं । इसके अलावा पिछले तीन वर्षो से पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को 1000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को पराली न जलाने व पराली प्रबंधन करने वाले किसानो को 42,205 एकड़ के प्रबंधन की चार करोड़ बाईस लाख पांच हजार के लगभग प्रोत्साहन राशि दी गई थी।

## वकील अनु शर्मा ने 4000 ऋषि प्रसाद पत्रिका का किया वितरण

## श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा ऋषि प्रसाद धार्मिक पत्रिका वितरित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में अंबाला शहर के जगाधरी गेट व अंबाला कैंट के विजय रतन चौक पर ऋषि प्रसाद धार्मिक पत्रिका का वितरण किया गया। जिसमें दिल्ली से आई वकील अनु शर्मा ने शंख ध्वनि से इस दिव्य कार्य की शुरूआत की उन्होंने 4000 पत्रिकाएं निशुल्क समाज को समर्पित कि इस मौके पर उन्होंने कहा कि संत श्री आसाराम जी बापू द्वारा यह पत्रिका करीब 50 वर्ष पहले शुरू की गई थी जिसमें समाज के हर एक वर्ग के व्यक्ति के उत्थान के लिए ऋषियों का ज्ञान भरा हुआ है। जिसे ग्रहण कर व्यक्ति अपना

**वितरण**

⏩ 50 वर्ष पहले शुरू की गई थी जिसमें समाज के हर एक वर्ग के व्यक्ति के उत्थान के लिए ऋषियों का ज्ञान भरा हुआ है

सामाजिक व आध्यात्मिक विकास कर सकता है। यही नहीं इसमें युवाओं के लिए शिक्षा स्वास्थ्य व योग आदि से संबंधित संतो महापुरुषों का दिव्य ज्ञान समाहित है। आज का युवा अपनी सोच विचार व खान-पान के तरीकों से भटक गया है इसलिए उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस



पत्रिका के माध्यम से वह अपना सर्वोपरि विकास कर सकता है। इस मौके पर चंडीगढ़ आश्रम से पहुंचे उद्धव भाई ने अंबाला वासियों को अपना संदेश देते हुए कहा कि इस पत्रिका का उद्देश्य है समाज का कल्याण व उत्थान करना है। आज समाज के पास पैसा है ऐश्वर्या है लेकिन आध्यात्मिकता नहीं है जिसके कारण समाज में हर जगह शांति फैली हुई है। आज आध्यात्मिकता को प्राप्त करने के लिए बापू आसाराम जी के इस दिव्यज्ञान की समाज को अति आवश्यकता है।

इसलिए हम सभी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए 4000 पत्रिकाएं समाज को वितरित कर रहे हैं तथा समय-समय पर करते रहेंगे इस कार्यक्रम में अंबाला आश्रम के संचालक संतोष भाई, रामेश्वर, गौरव शर्मा, भूपेश, योगेश शर्मा, अनुसूया आदि सदस्य मौजूद रहे।

# नरेला कथा में महाराज ने सुदामा चरित्र का किया वर्णन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से नरेला में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को सुदामा चरित्र, रासलीला व फूलों की होली कथा प्रसंग का सुंदर वर्णन किया गया। कथा के दौरान राधा कृष्ण की प्रस्तुत की गई। झांकी में भजनों के बीच भक्त झूम उठे। राधा-कृष्ण को फूलों की होली खेलते देख भक्त भी उत्साहित हुए। उत्साह में भक्तों ने राधा कृष्ण पर जमकर फूल बरसाकर होली का आनंद लिया। कथा में मुख्य अतिथि रहे नरेला क्षेत्र के विधायक शरद चौहान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व विधायक व सीडब्ल्यूसी मेंबर व पूर्व विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री का श्याम नवयुवक मंडल के पदाधिकारी व कथा वाचक आचार्य गोस्वामी श्रीमृदुल कृष्ण जी महाराज ने पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन नरेला की नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। भागवत कथा सुनने के लिए आस-पास के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु
पहुंच रहे हैं। भागवत कथा के सातवें दिन की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए व्यास पीठ से आचार्य गोस्वामी श्रीमृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि अशान्त व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता। जीवन में कितना भी धन ऐश्वर्य की सम्पन्नता हो, लेकिन यदि मन में शान्ति नहीं है तो, वह व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह सकता। वहीं जिसके पास धन की कमी भले ही हों सुख सुविधाओं की कमी हो, परन्तु उसका मन यदि शान्त है तो वह व्यक्ति वास्तव में परम सुखी है।



वह हमेशा मानसिक असंतुलन से दूर रहेगा। कथा प्रसंग मे परम भक्त सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए परम श्रद्धेय आचार्य श्रीमृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्री सुदामा जी के जीवन में धन की कमी थी, निर्धनता थी लेकिन वह स्वयं शान्त ही नहीं परमशान्त थे। इस लिये सुदामा जी हमेशा सुखी जीवन जी रहे थे। क्योंकि उनके पास ब्रह्म (प्रभुनाम) रूपी धन था। धन की तो उनके जीवन में न्यूनता थी परन्तु नाम धन की पूर्णता थी। हमेशा भाव से ओत प्रोत होकर प्रभु नाम में लीन रहते थे। उनके घर में वस्त्र आभूषण तो दूर अन्न का एक कण भी नहीं था। जिसे लेकर वो प्रभु श्री द्वारिकाधीश के पास जा सकें। परन्तु सुदामा जी की धर्म पत्नी सुशीला के मन में इच्छा थी, मन में बहुत बड़ी भावना थी कि हमारे पति भगवान श्री द्वारिकाधीश जी के पास खाली हाथ न जाए सुशीला जी चार घर गई और चार मुट्ठी चावल मांगकर लायी और वही चार मुट्ठी चावल को लेकर श्री सुदामा जी प्रभु श्री द्वारिकाधीश जी के पास गये। और प्रभु ने उन चावलों का भोग बड़े ही भाव के साथ लगाया। उन भाव भक्ति चावलों का भोग लगाकर प्रभु ने यही कहा कि हमारा भक्त हमें भाव से पत्र पुष्प, फल अथवा जल ही अर्पण करता है, तो में उसे बड़े ही आदर के साथ स्वीकार करता हूँ। प्रभु ने चावल ग्रहण कर श्री सुदामा जी को अपार सम्पत्ति प्रदान कर दी।
आर्चाय श्री ने इस पावन सुदामा प्रसंग पर सार तत्व बताते हुए समझाया कि व्यक्ति अपना मूल्य समझे और विश्वास करे कि हम संसार के सबसे महत्व पूर्ण व्यक्ति है तो वह हमेशा कार्यशील बना रहेगा। क्योंकि समाज में सम्मान अमीरी से नहीं इमानदारी और सज्जनता से प्राप्त होता है। वही फूल होली महोत्सव में आचार्य श्री द्वारा "होली खेल रहे बांके बिहारी" बांके बिहारी को देख छटा मेरे मन है, गयो लटा-पटा आदि भजनों को बड़े ही भाव के साथ गाया गया। जिससे हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने फूल होली महोत्सव का आनन्द प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े ऋषभ बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी भक्त श्रद्धालु सादर आमंत्रित है। कथा उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। भागवत कथा में राम मंदिर प्रधान राजकुमार गोयल, कृष्ण कुमार बंसल प्रधान, सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रमोद मित्तल, शिव कुमार गुप्ता, विजय भारद्वाज, संजय बंसल,मनोज बंसल, मोहित गुप्ता, कपिल भारद्वाज,अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





# शकूरपुर: जिला अध्यक्ष डॉक्टर वीरेन्द्र गोयल ने लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के शकूरपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से रेहड़ी-पटरी वाले मौजूद रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल ने मनोज कुमार को रेहड़ी-पटरी प्रकोष्ठ का संयोजक घोषित किया।
इस मौके पर पूर्व जिला मंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जोनवाल के अलावा बहुताय की संख्या में रेहड़ी-पटरी वाले मौजूद है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने जिला अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र गोयल का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र गोयल ने सभी साथियों के साथ बैठक की और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



द्वारा चलाई जा रही स्वावलंबी योजना व आयुष्मान योजना आदि कई योजनाओं के बारे में उन्हें समझाया व उनका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। सभी रेहड़ी-पटरी वाले साथियों ने जिला अध्यक्ष का गरम जोशी के साथ स्वागत



किया एवं उन्हें भरोसा दिलाया कि हमारा यह तबका जो दिल्ली सरकार और केजरीवाल के द्वारा नकार दिया गया है, वह तबका आज भाजपा व नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। इस अवसर पर रमेश जोनवाल ने बताया कि जिला अध्यक्ष



डॉक्टर वीरेंद्र गोयल ने मनोज कुमार को रेहड़ी-पटरी प्रकोष्ठ के संयोजक की घोषणा की। इस मौके पर रमेश जोनवाल ने कहा कि मैं मनोज कुमार को हार्दिक बधाई देता हूं व जिला अध्यक्ष का आभार प्रकट करता हूं।

# जय प्रकाश यादव ने किया आईपी कॉलोनी का दौरा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के आईपी कॉलोनी में विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने दौरा किया। आईपी कॉलोनी के लोगों ने विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव को पानी व सीवर और टूटी गलियों के बारें में जानकारी दी। श्री यादव ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और कहा कि जो भी आप लोगों की समस्याएं है, उनका जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि विधायक संजीव झा क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कुलदीप कुमार सहित आईपी कॉलोनी के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सभी को करना चाहिए पौधारोपण: बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वजीरपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए सभी को प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि पेड़-पौधे का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। सभी को अपने



जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। पेड़-पौधे से जहां एक और हमें छाया मिलती है, वहीं इनसे हमें औषधियां भी प्राप्त होती है।

# नरेला में न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यू** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा हर माह की भांति इस माह भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने चार सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था महासचिव महावीर गुप्ता ने किया।
बाहरी दिल्ली की बड़ी संस्थाओं में शुमार न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने चार सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर



संगठन के पदाधिकारियो ने न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन हेमराज बंसल, सदस्य महासिंह तोमर, राजेश सिंघल, डॉ रजनीश गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर सबको माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा हर महीने कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था



सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लाह के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन हेमराज बंसल सहित चार सदस्यों का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मैं सभी सदस्यों को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा जन्मदिन के उपलक्ष में कविता भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वहीं ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर से पधारी बीके



मोनिका बहन व बीके योगेश्वरी बहन ने सभी को जन्मदिन की बधाई दी व मेडिटेशन के बारे में बताया। मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज बंसल ने तीनों सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी और सभी सदस्यों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, चेयरमैन हेमराज बंसल, संरक्षक शिवचरण गुप्ता, महासचिव महावीर गुप्ता, डॉ. रजनीश गुप्ता, हरि दत्त शर्मा सहित संगठन के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित कर रही योगी सरकार

## 'प्रदेश में कलस्टर के रूप में, सेक्टर 29 में 175 एकड़ भूमि में हो रही अपैरल पार्क कलस्टर की स्थापना'

**कलस्टर**

**योगी सरकार यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी में अपैरल पार्क क्लस्टर की स्थापना कर रही**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी** सरकार द्वारा प्रदेश में कलस्टर के रूप में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में योगी सरकार यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) में अपैरल पार्क क्लस्टर की स्थापना कर रही है। ये यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा स्थापित पहला औद्योगिक कलस्टर है। इस कल्स्टर में अपने उद्योग लगाने को लेकर उद्यमियों में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। उसका उदाहरण ये है कि भूखंड आवंटित होने के बावजूद अभी भी 70 से अधिक औद्योगिक इकाइयों द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में टेक्सटाइल क्लस्टर के भूखंडों की मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 29 में इस अपैरल पार्क कलस्टर की स्थापना की गई है, जिसका कुल क्षेत्रफल 175 एकड़ है। इसमें कुल 89 भूखंड है जिनमें से 81 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं तथा 64 भूखंडों का लीज प्लान तथा चेक लिस्ट इश्यू की जा चुकी है। इनमें से 39 भूखंडों पर भौतिक कब्जा पत्र भी आवंटियों को वितरित किया जा चुका है। इस अपैरल पार्क के कारण ही गौतमबुद्धनगर को सिटी ऑफ अपैरल के नाम से भी जाना जाता है।

## स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए निशुल्क मिलेगी भूमि

**प्राधिकरण** द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों पर दी जा रही 1.5 एफएआर को बढ़ाकर 2.0 करने का फैसला लिया गया है जिसपर शासन स्तर से जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। साथ ही औद्योगिक भूखंडों में ग्राउंड कवरेज को बढ़ाकर 60% करने का भी निर्णय लिया गया है।

**ग्राउंड कवरेज**

**साथ ही औद्योगिक भूखंडों में ग्राउंड कवरेज को बढ़ाकर 60% करने का भी निर्णय लिया गया है**

सीईओ द्वारा प्रदेश के अंदर और बाहर के उद्योगपतियों से निवेदन किया गया है कि अपने उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करें तथा रोजगार प्रदान करने के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना करें। यदि इसके लिए भूमि की आवश्यकता पड़ती है तो प्राधिकरण निशुल्क जमीन उपलब्ध कराने को तैयार है।

**दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा अपैरल पार्क :** प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्र के अंदर कन्वेन्शन सेंटर, एग्जिबिशन सेंटर वा डेडिकेटेड कार्गो की स्थापना की जाएगी। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में डेडिकेटेड कार्गो विकसित किया जाएगा। वर्तमान में कार्गो के अंदर सबसे अधिक हिस्सेदारी करीब 37% वस्त्र उद्योग की है। जेवर से कार्गो दिल्ली से भी सस्ता पड़ेगा क्योंकि यहां पर फ्यूल पर केवल 1% का वैट सरकार द्वारा लगाया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार प्राधिकरण के इस अपैरल पार्क को बल्लभगढ़ के पास से दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़े जाने पर एनएचएआई द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र में रैपिड रेल एनसीआरटीसी की स्टडी भी प्रारंभ करा दी गई है। इस क्षेत्र में देश का पहला और विश्व का छठा पॉड टैक्सी सिस्टम बनाया जाएगा, जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय निविदा भी जारी की जा चुकी है। साथ ही पीआरटी सिस्टम की प्री बिड बैठक में विश्व की सभी सर्वश्रेष्ठ कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### कानपुर: चर्च में चल रहा था मतांतरण का खेल

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
स्वरूप नगर थाना क्षेत्र स्थित बेनाझाबर के इमानुअल पेंटिकॉस्टेल चर्च में रविवार को मतांतरण मामले को लेकर बजरंग दल ने हंगामा किया। सूचना पर कई थानों की पुलिस के साथ कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पचास हजार रुपये और नौकरी का लालच देकर मतांतरण करने का दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने पादरी समेत कई लोगों को हिरासत में लिया है।
सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर संजय सिंह ने बताया कि बेनाझाबर के इमानुअल पेंटिकॉस्टेल चर्च में रविवार की सुबह प्रार्थना सभा हो रही थी। इस दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक कृष्णा तिवारी कई समर्थकों के साथ यहां पहुंचे और मतांतरण का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। इसके साथ ही स्वरूप नगर थाने की पुलिस को सूचना दी।
आरोप लगाया कि चर्च में धर्मांतरण का खेल चल रहा है। लोगों को रुपये, नौकरी, शादी और उपचार समेत अन्य लालच देकर हिन्दुओं को ईसाई बनाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान चर्च में मौजूद एक 17 साल के नाबालिग ने आरोप लगाया है कि चर्च के पदाधिकारी आनंद डेनियल ने 50 हजार रुपये में ईसाई बनने का उसे लालच दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तुम्हारी जिंदगी बदल जाएगी। रुपये ही नहीं, तुम्हें नौकरी, घर, शादी और अगर परिवार में कोई बीमार है तो उसका इलाज भी कराया जाएगा।
परिवार के सभी बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी चर्च की ओर से उठाई जाएगी। स्वरूप नगर थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने चर्च में मौजूद लोगों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने चर्च के अमित डेविड, आनंद डेनियल और पादरी समेत अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से ईसाई धर्म के कुछ साहित्य भी मिले हैं,जिसे कब्जे में लिया गया है।

### अलीपुर के मुखमेलपुर ड्रेन में मिला युवक का शव

**नई दिल्ली,।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर थाना क्षेत्र के मुखमेलपुर 6 नंबर ड्रेन में एक युवक का शव मिला है। सुबह के समय जब स्थानीय लोग घूमने के लिए निकले तो लोगों ने शव को देखा। दिल्ली पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस और क्राइम टीम ने ड्रेन से शव को बाहर निकाला। साथ ही टीम ने मौके से सभी साक्ष्य जुटाए। मृतक का नाम अजय कुमार है। वह उप्र के हरदोई जिले का रहने वाला था। पुलिस को शव के पास से इसका एक पर्स मिला, जिसमें की एक डायरी, कुछ पैसे और आधार कार्ड हैं। फिलहाल स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है लेकिन जो डायरी मिली थी, उसमें कई नंबर लिखे हुए हैं, जिसे पुलिस फोन पर बातचीत कर मृतक अजय के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### 'बीजेपी सरकार में बढ़ा 5 गुना कर्जा'

**चंडीगढ़ : जब** से सत्ता पर बीजेपी काबिज हुई है, प्रदेश पर 5 गुना कर्जा, 4 गुना महंगाई, 3 गुना बेरोजगारी और 2 गुना अपराध बढ़ गया है। क्योंकि बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हमेशा जनसरोकार की बजाए सत्ता सुख भोगने की राजनीति की है। इसीलिए जनता इस गठबंधन को सत्ता से बेदखल करके कांग्रेस सरकार बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

## 'चुनाव जीतने के लिए फील्ड में उतरेंगे हजारों विस्तारक'



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
रविवार को सिरसा लोकसभा स्तर के प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड ने अल्पकालीन विस्तारकों को संगठनात्मक व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। उन्होंने प्रशिक्षण को सीखने और सिखाने की सबसे बडी विशेषता बताई। उन्होंने कहा कि सभी अल्पकालीन विस्तारक फील्ड में जाकर पार्टी की नीतियों, केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, राज्य सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड ने कहा कि भाजपा के अल्पकालीन विस्तारक मिशन 2024 के लिए पार्टी की मजबूत आधारशिला रखेंगे। एक नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह के साथ यहां से फील्ड में जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में पार्टी के 4400 अल्पकालीन विस्तारक दो दिन के प्रशिक्षण के बाद पांच दिनों तक शक्ति केंद्रों पर रहेंगे और वहां पर बूथों को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड ने कहा कि पार्टी ने योजना तैयार की है कि हजारों की संख्या में हमारे अल्पकालिक विस्तारक सात दिन का समय दान करेंगे। शक्ति केंद्रों पर जाकर संगठन गढे चलो के मंत्र को आत्मसात करते हुए उसे अधिक मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वहां के राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन करते हुए वहां के लोगों मिलेंगे तथा केंद्र व राज्य सरकार की अब तक की उपलब्धियों व योजनाओं को बताएंगे।

**प्रशिक्षण**

**राज्य सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करे : ओमप्रकाश**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को को लोकभवन, लखनऊ में भारत रत्न, पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मीडिया से मुखातिब होते हुए।

## देवघर पहुंचे लालू और राबड़ी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी रविवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक लालू और राबड़ी देवी को देखने के लिए जगह-जगह सड़कों के किनारे लोगों का जमावड़ा था। लोग अभिवादन करते नहीं थक रहे थे। लालू सभी का अभिवादन स्वीकार करते रहे। स्वागत करने वालों में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, चतरा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, श्यामदास सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी सहित हजारों की संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल पर लगाए गंभीर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/बिजनौर**
**उत्तर** प्रदेश बार काउंसिल द्वारा हड़ताल वापस लेने की घोषणा के साथ जिला बार संगठन ने भी 11 सितम्बर से काम पर लौटने की घोषणा की है तथा बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विरोध जारी रखने की बात कही है। शनिवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार बबली तथा महामंत्री चौधरी संजय कुमार ने बताया कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज तथा महिला अधिवक्ताओं से किए गए अभद्र व्यवहार पर हापुड़ पुलिस के खिलाफ विरोध जारी रहेगा।

## व्यापारियों के हितों को लेकर सरकार संजीदा: सुनीता

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
रविवार को व्यापारी सम्मेलन हरियाणा व्यापारी कल्याण द्वारा नई अनाज मण्डी सिरसा में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सिरसा की सभी ट्रेड यूनियनों ने भाग लिया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सिरसा लोकसभा सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की, जबकि समारोह की अध्यक्षता हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने की। मंच संचालन चेयरमैन गंगाराम गुप्ता ने बखूबी किया। इस मौके पर सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि सरकार



व्यापारियों के हितों को लेकर संजीदा है और लगातार व्यापारियों के हितों में नीतियां बनाकर उनके व्यापार को विस्तार देने का काम किया जा रहा है। सांसद ने सम्मेलन में उपस्थित व्यापारियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर लाल मेहता ने मण्डी में आ रही परेशानियों बारे विस्तार से बताया। इसके साथ साथ उन्होंने चेयरमैन गंगाराम गुप्ता का एक दुकान-एक लाइसैंस की समस्या का हल करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। शहर में व्यापारियों को आ रही परेशानियों,जिसमें विशेष तौर पर सीएलयू व एनडीसी मिलने में आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया। अधिकारियों को हिदायत दी गई कि वे व्यापारियों की समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान करें। दस समारोह में लगभग व्यापार से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

**पौष्टिक भोजन**

रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

## इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) का हुआ शुभारंभ

**मात्र 8 रूपये में**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री अशो**क गहलोत ने कहा कि शहरों में सार्वजनिक, धार्मिक, व्यवसायिक स्थलों एवं कच्ची बस्तियों के आस-पास इंदिरा रसोई खुलने से मजदूरों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को मात्र 8 रुपये में पौष्टिक भोजन मिल रहा है। राज्य सरकार कोई भूखा ना सोए के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में इंदिरा रसोईयों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। कांग्रेस



महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में इंदिरा रसोई खुलने से आमजन को भरपेट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन सुलभ हो पाएगा। मुख्यमंत्री गहलोत एवं प्रियंका गांधी रविवार को टोंक जिले के निवाई में इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देशहित में अपना प्राणोत्सर्ग किया लेकिन विघटनकारी शक्तियों को सफल नहीं होने दिया। उनके नाम से लाई गई इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) के तहत आज पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोईयों का शुभारंभ किया गया है। 25 सितम्बर तक इनकी संख्या बढ़ाकर 1000 कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन कर आमजन को राहत दे रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं को आधार बनाकर अन्य राज्यों में नीति-निर्माण का कार्य किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि 2030 तक प्रदेश का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

**शुरू हुई 400 ग्रामीण रसोईयां, प्रियंका गांधी ने की राजीविका से जुड़ी महिलाओं से चर्चा**